प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी



मोदी मंत्रिमंडल में फेरबदल की अटकलें हुई तेज़! पेज- 2

www.newswani.in

पेज- 8 कुत्ते के हमले से किशोर जख्मी

वर्ष : 15 अंक : 168 | मंगलवार 09 जून, 2026 | डाक पंजीयन संख्याः एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 08 मूल्य 5.00 रूपया

## बीजेपी द्वारा एम नागराजा को RS उम्मीदवार बनाने पर प्रियांक खड़गे बोले-गठबंधन कमजोर नींव पर टिका है

(एजेंसी) बेंगलुरु। कर्नाटक के गृह मंत्री प्रियांक खड़गे ने सोमवार को बीजेपी की आलोचना की। उन्होंने राज्य से ड नागराजा को राज्यसभा उम्मीदवार बनाने के फैसले पर कहा कि बीजेपी–जेडीएस का गठबंधन कमजोर नींव पर टिका है। पत्रकारों से बात करते हुए खड़गे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और जनता दल (सेक्युलर) के गठबंधन को अंदरूनी अनिश्चितताओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने शायद सोचा होगा कि जनता दल (सेक्युलर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री भ्क देवेगौड़ा अब कोई खास



फायदा नहीं पहुँचाएँगे। अगर बीजेपी– जेडीएस) गठबंधन मुश्किल में है, तो कांग्रेस को इससे क्या फर्क पड़ता है? चाहे सीट श्री देवेगौड़ा को दी जाए या किसी और को। कांग्रेस नेता खड़गे ने कहा, इससे पता चलता है कि उनका गठबंधन कमजोर है, या शायद उन्हें लगा कि अब मिस्टर देवेगौड़ा से कोई फायदा नहीं होगा? इस बीच, रविवार को भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की सेंट्रल इलेक्शन कमिटी (सीईसी) ने कर्नाटक में होने वाले राज्यसभा चुनावों और 2026 में कर्नाटक विधान परिषद के द्विवार्षिक चुनावों के लिए अपने उम्मीदवारों की सूची जारी की। राज्यसभा चुनाव के लिए, बीजेपी ने कर्नाटक से प्रो. डॉ. एम. नागराजा को उम्मीदवार बनाया है। कर्नाटक विधान परिषद के द्विवार्षिक चुनावों के लिए, पार्टी ने लिंगराज पाटिल और रघु कौटिल्य को अपने उम्मीदवार के तौर पर चुना है। इस बीच, देश भर में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गईं क्योंकि संसद के उच्च सदन (राज्यसभा) की सीटों के लिए उम्मीदवार आधिकारिक तौर पर अपना नामांकन दाखिल कर रहे हैं, और आगामी द्विवार्षिक राज्यसभा चुनावों के लिए नामांकन दाखिल करने की समय–सीमा तेजी से नजदीक आ रही है। 18 जून को होने वाले इन चुनावों में दस राज्यों की 24 सीटों के लिए मुकाबला होगा, जिससे विधायी निकाय में बड़े बदलाव की स्थिति बनेगी। चुनाव आयोग ने 1 जून को 24 सीटों के लिए द्विवार्षिक चुनावों की अधिसूचना जारी की थी। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 8 जून है। इन 24 सीटों में कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और गुजरात में चार–चार सीटें, राजस्थान और मध्य प्रदेश में तीन–तीन सीटें, झारखंड में दो सीटें और अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर और मेघालय में एक–एक सीट शामिल है। महाराष्ट्र, तमिलनाडु और ओडिशा में एक–एक सीट के लिए राज्यसभा उपचुनाव की अधिसूचना भी जारी की गई।

## टीएमसी को एक और बड़ा झटका, अब सुखेंदु शेखर राय ने पार्टी से दिया इस्तीफा, छोड़ा राज्यसभा सदस्य पद

(एजेंसी) कोलकाता/नई दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस को सोमवार को उस वक्त बड़ा राजनीतिक झटका लगा, जब पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य सुखेंदु शेखर राय ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने के साथ ही उच्च सदन की सदस्यता भी छोड़ दी। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी में लंबे समय से जारी आंतरिक असंतोष के बीच राय का यह कदम संकेत है कि संगठन के भीतर खींचतान अब पार्टी के संसदीय दल तक भी पहुंच गई है। तृणमूल कांग्रेस के संस्थापक सदस्यों में शामिल और संसद में पार्टी के सबसे प्रमुख चेहरों में गिने जाने वाले राय ने राष्ट्रीय राजधानी में अपने इस्तीफे की घोषणा ऐसे समय की, जब कुछ ही घंटों बाद विपक्षी गठबंधन इंडिया की बैठक होने वाली थी। इस बैठक में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी भी शामिल हुए। राय का इस्तीफा, पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के विधायक दल में बगावत के कुछ दिन बाद आया है। पार्टी के 58 विधायकों ने नेतृत्व की लाइन से अलग रुख अपनाते हुए विपक्ष के नेता पद के लिए रिताब्रता बनर्जी का समर्थन किया था और पार्टी के आधिकारिक उम्मीदवार शोभनदेव चट्टोपाध्याय को खारिज कर दिया था। इस विद्रोह का अंत विधानसभा अध्यक्ष द्वारा रिताब्रता को नेता प्रतिपक्ष के रूप में मान्यता देने के साथ हुआ। इसने विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार के बाद संगठन के भीतर गहरी दरारें उजागर कर दीं और इस आशंका को हवा दी कि यह अशांति विधानसभा से बाहर भी देखने को मिल सकती है। अपने बयान में राय ने शासन और पार्टी संगठन में व्यापक भ्रष्टाचार का हवाला दिया और कहा कि पार्टी के पिछले कार्यकाल के खिलाफ जनता का गुस्सा खतरनाक स्तर तक पहुंच गया है। पिछले एक साल से पार्टी नेतृत्व से धीरे–धीरे दूरी बनाते आ रहे वरिष्ठ सांसद ने आरजी कर अस्पताल दुष्कर्म–हत्याकांड मामले में तृणमूल के रवैये पर भी निशाना साधा था और इस मुद्दे पर वह बार–बार असहमति जताते रहे थे। दिल्ली में, राय ने संवाददाताओं से कहा, मैंने आरजी कर अस्पताल मामले पर खुले तौर पर आवाज उठाई थी। उसके बाद से पार्टी में मुझे धीरे–धीरे अलग–थलग किया



जाने लगा। मेरी बस इतनी सी गलती थी कि मैंने कुछ पुलिस अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच की मांग की, क्योंकि मेरा मानना था कि सबूत मिटाने में उनकी बड़ी भूमिका थी। राय ने आरोप लगाया कि उस वक्त दोषियों को बचाने की कोशिश की जा रही थी। उन्होंने कहा कि उसी विवाद के बाद उन्होंने मन ही मन पार्टी छोड़ने का फैसला कर लिया था। उन्होंने कहा, वही मेरे लिए चरम सीमा थी। मुझे समझ आ गया कि मैं पार्टी में ज्यादा नहीं रहूंगा। राय ने यह भी दावा किया कि कई क्षेत्रों में भ्रष्टाचार बेलगाम हो गया है और पार्टी के खिलाफ जनता का आक्रोश इस हद तक पहुंच गया कि चुनावी हार निश्चित हो गई। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी में अहम पदों पर बैठे तृणमूल नेताओं की संपत्ति की जांच की मांग की और आरोप लगाया कि संगठन में कई ईमानदार लोगों को हाशिये पर धकेल दिया गया है। उन्होंने कहा, पार्टी में सभी बेईमान नहीं हैं। लेकिन बहुत से नेक लोगों को किनारे कर दिया गया है। राजनीति के मामलों के जानकारों का मानना है कि इस घटनाक्रम का महत्व और भी बढ़ जाता है क्योंकि यह दिल्ली में हुआ, जबकि पार्टी का शीर्ष नेतृत्व विपक्षी गठबंधन इंडिया की बैठक में सहयोगियों साथ मशविरे में व्यस्त था। राय के इस्तीफे के बाद राज्यसभा में तृणमूल की सदस्य संख्या घटकर 12 रह गई है। संविधान विशेषज्ञ राय वर्षों से संसद में तृणमूल के मुख्य रणनीतिकारों में से एक रहे हैं और विधायी व संवैधानिक मुद्दों पर पार्टी की सबसे प्रभावी आवाज माने जाते रहे हैं। भविष्य की योजनाओं के बारे में पूछे जाने पर राय ने कहा कि उन्होंने अभी किसी और पार्टी में शामिल होने का कोई फैसला नहीं किया है और संकेत दिया कि वे सक्रिय राजनीति से संन्यास भी ले सकते हैं। उन्होंने कहा, मैं राजनीति से पूरी तरह किनारा कर सकता हूं। तृणमूल नेतृत्व ने राय के इस्तीफे पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। विधायी दल का विद्रोह अभी सुलझा नहीं है, ऐसे में राय के इस्तीफे से पार्टी की एकजुटता पर सवाल और गहरे होंगे तथा नेतृत्व की यह चिंता भी बढ़ेगी कि विधानसभा में मची उथल–पुथल कहीं दिल्ली तक न पहुंच जाए।

## इंडिया गठबंधन की बैठक खत्म, धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे सहित इन पांच बिंदुओं पर बनी सहमति

(एजेंसी) नई दिल्ली। विपक्षी गठबंधन इंडिया ने चिकित्सा पाठ्यक्रम प्रवेश परीक्षा नीट–यूजी और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं की ऑन–स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) के मुद्दों को लेकर सोमवार को शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के तत्काल इस्तीफे की मांग की और कहा कि ष्वोट लूटष के विषय पर वे जल्द ही प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत को पत्र लिखेंगे। विपक्षी गठबंधन ने यह भी कहा कि सरकार को गंभीर आर्थिक स्थिति, बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई, किसानों तथा जनसरोकारों से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिए सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए। इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) ने यह सहमति भी जताई कि उसके नेता हर दो महीने पर बैठक करेंगे और अगली बैठक हैदराबाद में होगी। बैठक के बाद खरगे ने संवाददाताओं से कहा, इंडिया जनबंधन ने पांच बिंदुओं पर सहमति जताई है। यह सहमति बनी कि वोट लूट, विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर), मतदाता सूची में हेरफेर तथा चुनावों की निष्पक्षता पर उठे गंभीर प्रश्नों के संबंध में भारत के माननीय प्रधान न्यायाधीश को एक पत्र भेजा जाएगा। यह पत्र शीघ्र ही उन्हें सौंपा जाएगा। उन्होंने कहा कि लाखों विद्यार्थियों को प्रभावित करने वाले अनेक गंभीर मुद्दों की स्थिति को देखते हुए, सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि शिक्षा मंत्री के तत्काल इस्तीफे की मांग की जाए, क्योंकि उनके कार्यकाल में नीट और सीबीएसई परीक्षाओं में शामिल लाखों युवाओं के साथ विश्वासघात हुआ है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, वर्तमान गंभीर आर्थिक स्थिति, बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई, किसानों तथा जनसरोकार से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिए केंद्र सरकार को तत्काल सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए। खरगे ने कहा, मानसून सत्र के दौरान संसदीय समन्वय जारी रहेगा और प्रतिदिन प्रातःकाल माननीय नेता प्रतिपक्ष (मल्लिकार्जुन खरगे) के कार्यालय में समन्वय बैठक आयोजित की जाएगी। इंडिया के घटक दलों की बैठक सोमवार को यहां हुई, जिसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से मुकाबला करने और एकजुट होकर आगे बढ़ने की रणनीति पर चर्चा की गयी। राष्ट्रीय राजधानी के कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में हुई इस बैठक में कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता




बनर्जी, समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के तेजस्वी यादव और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शप) की सुप्रिया सुले समेत 23 दलों के प्रमुख नेताओं ने भाग लिया। शिवसेना (उबाठा) के उद्धव ठाकरे इस बैठक में वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से जुड़े थे। बैठक में नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता एवं जम्मू–कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की नेता महबूबा मुफ्ती, झारखंड मुक्ति मोर्चा के सभी सरफराज अहमद, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के जॉन ब्रिटास, भाकपा महासचिव डी. राजा, भाकपा (माले) लिबरेशन के दीपांकर भट्टाचार्य और कई अन्य दलों के नेताओं ने भाग लिया। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने रविवार को कहा था कि 22 राजनीतिक दलों ने इंडिया की बैठक में भागीदारी की पुष्टि की है । द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) और आम आदमी पार्टी (आप) बैठक में शामिल नहीं हुईं। आप पहले ही सार्वजनिक रूप से इस गठबंधन से दूरी बना चुकी है जबकि द्रमुक ने तमिलनाडु में कांग्रेस द्वारा उससे संबंध तोड़कर टीवीके–नीत सरकार में शामिल होने के बाद बैठक का बहिष्कार करने का फैसला करने की घोषणा की थी बैठक में तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) के शामिल नहीं होने से जुड़े सवाल पर कांग्रेस सूत्रों ने कहा, टीवीके इस बैठक में शामिल नहीं हुई क्योंकि केवल उन पार्टियों को आमंत्रित किया गया था, जिनके संसद में सदस्य हैं। सूत्रों ने कहा, 2024 से पहले इंडिया गठबंधन में शामिल होने वाली कुछ पार्टियां आज की बैठक में शामिल रहीं, भले ही उनके पास वर्तमान में सांसद नहीं हैं। इंडिया गठबंधन विस्तार की राह पर है, जल्द ही और पार्टियां इसमें शामिल होंगी। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की हालिया हार ने भी विपक्षी गठबंधन को देश में भाजपा के बढ़ते प्रभाव का मुकाबला करने के लिए एकजुट होने को मजबूर किया। इससे पहले, इंडिया गठबंधन की आधिकारिक बैठक जून, 2024 में हुई थी। बैठक में दिए शुरुआती संबोधन में खरगे ने सोमवार को इंडिया गठबंधन के दलों का आह्वान किया कि वे मोदी सरकार द्वारा खड़ी की गई चुनौतियों से निपटने के लिए उस एकजुटता की भावना को और मजबूत करें, जो इस साल 17 अप्रैल को महिला आरक्षण एवं परिसीमन से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक के खिलाफ दिखी थी। उन्होंने यह दावा भी किया कि सरकार संविधान पर हमला जारी रखे हुए है।

## पीएम मोदी ने गिनाई 12 साल की उपलब्धियां, बताया कैसे बदली गरीबों की दुनिया?

(एजेंसी) नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनकी सरकार द्वारा पिछले 12 वर्षों में उठाए गए विभिन्न कल्याणकारी कदमों पर सोमवार को प्रकाश डाला और कहा कि भारत ने कई परिवर्तन देखे हैं और इन परिवर्तनों का मूल गरीबों का कल्याण है। अपने तीसरे कार्यकाल का दूसरा वर्ष पूरा होने पर मोदी ने प्रत्यक्ष लाभ अंतरण, स्वच्छ भारत, पीएम आवास योजना और आयुष्मान भारत जैसी पहलों का उल्लेख किया और कहा कि ये सभी कदम लोगों को गरिमा और अवसर दिलाने के सरल उद्देश्य से प्रेरित हैं। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पिछले 12 वर्षों में भारत ने कई परिवर्तन देखे हैं और इन परिवर्तनों के मूल में गरीबों और वंचितों का कल्याण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार हमेशा अंत्योदय से प्रेरित रही है और उसका प्रयास हमेशा यह सुनिश्चित करना रहा है कि विकास का लाभ उन लोगों तक पहुंचे जो दशकों से पीछे छूटे हैं। उन्होंने अपने पोस्ट में कहा, यह खुशी की बात है कि गरीबों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में



प्रौद्योगिकी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) और डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से सहायता सीधे और पारदर्शी तरीके से लोगों तक पहुंच रही है। उन्होंने कहा, इससे खामियों में कमी आई है, कार्यकुशलता में सुधार हुआ है और शासन में विश्वास मजबूत हुआ है। इसी तरह गरीब कल्याण को आगे बढ़ाने की यह यात्रा मानव सशक्तीकरण और विकसित भारत के हमारे सपने को साकार करने की दिशा में एक सामूहिक आंदोलन बन गई है। मोदी ने नौ जून 2024 को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। उन्होंने पहली बार 26 मई 2014 को प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी, उनका दूसरा कार्यकाल 30 मई 2019 को शुरू हुआ।

## कांग्रेस नेता और एआईसीसी सचिव सूरज हेगड़े का निधन, पार्टी ने जताया गहरा दुख

(एजेंसी) बेंगलुरु। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव और कर्नाटक सरकार की गारंटी समिति के उपाध्यक्ष सूरज हेगड़े का कल रात निधन हो गया। सूत्रों के अनुसार, हेगड़े करीब 55 वर्ष के थे। उन्हें दिल का दौरा पड़ा था और बेंगलुरु के एक निजी अस्पताल में उन्हें भर्ती कराया गया था जहां उनका निधन हो गया। भारतीय युवा कांग्रेस के पूर्व प्रभारी हेगड़े पूर्व मुख्यमंत्री देवराज उर्स के पोते थे।मुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार ने हेगड़े के निधन पर शोक व्यक्त किया। शिवकुमार ने एक्स पर पोस्ट किया, मुझे अपने प्रिय सहयोगी सूरज हेगड़े के अचानक निधन की खबर सुनकर गहरा दुख हुआ। उन्होंने एआईसीसी पदाधिकारी, कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष और राज्य गारंटी समिति के उपाध्यक्ष के रूप में कार्य किया। उन्होंने कहा कि संगठनात्मक कुशलता और जनहित के माध्यम से कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने में उनका योगदान अतुलनीय था। मुख्यमंत्री ने कहा, आज हमने एक ऐसे सक्रिय नेता को खो दिया जिनका पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ हमेशा उत्कृष्ट संबंध रहा।श्श प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बी.के. हरिप्रसाद ने कहा कि हेगड़े ने अपना पूरा जीवन पिछड़े समुदायों, दलितों और समाज में हाशिए पर पड़े अन्य वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि सच्चे अर्थों में हेगड़े समानता और सामाजिक न्याय की उस विरासत के वास्तविक उत्तराधिकारी थे जिसका समर्थन देवराज उर्स ने किया था। उन्होंने कहा, वह हमेशा जनसेवा के प्रति समर्पित रहे। उन्होंने गारंटी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने हेगड़े के निधन को राज्य और कांग्रेस पार्टी के लिए एक बड़ी क्षति बताया। पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने भी हेगड़े के निधन पर शोक व्यक्त किया।

## हमेशा के लिए खामोश हो गई पेप्सी शर्मा की आवाज, हरियाणवी इंडस्ट्री में शोक की लहर

(एजेंसी) अमरोहा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश और हरियाणा की लोकसंगीत परंपरा की एक सशक्त आवाज हमेशा के लिए खामोश हो गई। अमरोहा जिले के पतला गांव निवासी और रागनी जगत के लोकप्रिय कलाकारपेप्सी शर्मा (यशपाल) (38) के आकस्मिक निधन से लोकसंगीत प्रेमियों, कलाकारों और सांस्कृतिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके निधन को क्षेत्रीय लोक संस्कृति के लिए अपूरणीय क्षति माना जा रहा है। पेप्सी शर्मा ने वर्षों तक अपनी दमदार गायकी और विशिष्ट प्रस्तुति शैली के माध्यम से गांवों की चौपालों, मेलों और सांस्कृतिक आयोजनों में लोकजीवन की भावनाओं को स्वर दिया। उनकी रागनियां ग्रामीण समाज की संवेदनाओं, किसानों के संघर्ष, पारिवारिक मूल्यों और लोकजीवन की सादगी का जीवंत चित्र प्रस्तुत करती थीं। रागनी जगत में उनकी लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बिग बॉस फेम लोक कलाकार सपना चौधरी के



साथ उनके दो–चश्मी रागनी मुकाबलों को देखने और सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोग उमड़ पड़ते थे। दोनों कलाकारों की प्रस्तुतियां दर्शकों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र रहती थीं। पश्चिम उत्तर प्रदेश ग्रामीण रागिनी आयोजक संस्था ने दिवंगत कलाकार को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर रागनी गायक सुभाष खटाना ने कहा कि पेप्सी शर्मा की गायकी में केवल सुर और ताल ही नहीं, बल्कि इस क्षेत्र की मिट्टी की सोंधी महक, गांव का दर्द, किसानों का संघर्ष और रिश्तों की आत्मीयता भी सुनाई देती थी। उन्होंने कहा कि पेप्सी शर्मा केवल एक गायक नहीं, बल्कि लोक संस्कृति के सच्चे संवाहक थे। श्रद्धांजलि सभा में मौजूद कलाकारों और आयोजकों ने कहा कि कलाकार कभी वास्तव में विदा नहीं होते, उनकी कला पीढ़ियों तक जीवित रहती है। हरियाणवी लोक परंपरा की प्रसिद्ध पंक्ति–नाम रहैगा नेक कमाई का, तन तो मिट्टी हो जावेगा–पेप्सी शर्मा के जीवन और योगदान पर पूरी तरह चरितार्थ होती है। रागनी मंचों से उनकी भौतिक उपस्थिति भले समाप्त हो गई हो, लेकिन उनकी बुलंद आवाज, विशिष्ट गायन शैली और लोकसंस्कृति के प्रति समर्पण आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बने रहेंगे। उनके निधन से लोकसंगीत जगत ने एक ऐसे कलाकार को खो दिया है, जिसकी कमी लंबे समय तक महसूस की जाएगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पेप्सी शर्मा की मौत हार्ट अटैक की वजह से हुई है। बताया जा रहा है कि, सिंगर के सीने में अचानक तेज दर्द हुआ, जिसके बाद उन्हेंआनन–फानन मेंपास के अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान ही उन्होंने दम तोड़ दिया और महज 38 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया।

# सम्पादकीय

## समाजवादी पार्टी की नई चुनावी रणनीति

पैरवी पर नहीं, क्षमता के आधार पर मिलेगा टिकट

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर विश्व बैंक समर्थित 2,741 करोड़ रुपये की लागत वाली परियोजना की शुरुआत की। मैं नफीस जाफरी आपको यहां यह बता दूंकि इस परियोजना का शुरू करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित हुए योगी आदित्यनाथ सियासी चुटकी भी लेते नजर आए। उन्होंने कहा, हम हर घर नल जल योजना को आगे बढ़ा रहे हैं, कोई टोटी चोरी कर ले रहा है। कोई टोटी खुला छोड़ दे रहा है। यह बयान देते हुए योगी मंद–मंद मुस्कुराते भी नजर आए। योगी का बयान राजनीतिक कटाक्ष के रूप में देखा जा रहा है। लोग इसे सपा नेता अखिलेश यादव पर लगे टोटी चोरी के आरोप से जोड़कर देख रहे हैं। हालांकि योगी ने अपने बयान में किसी का नाम नहीं लिया। वहीं अब बात उत्तर प्रदेश की प्रमुख विपक्षी पार्टी समाजवादी पार्टी की तो गौरतलब है कि यूपी में विधानसभा चुनाव में लगभग 8 महीने बचे हैं। मुख्य विपक्षी समाजवादी पार्टी ने चुनाव की तैयारियों के सिलसिले में विधानसभावार समीक्षा और संभावित प्रत्याशियों को तैयारी में जुटने के संकेत देने शुरू कर दिए हैं। संभव है कि सपा चुनावों की घोषणा से दो से तीन महीने पहले से प्रत्याशियों के नामों का ऐलान भी शुरू कर दे। पार्टी का मानना है कि जल्दी टिकट घोषित करने से प्रत्याशियों को तैयारी का भी समय मिलेगा और चुनाव से ऐन पहले होने वाली बगावत भी कम होगी। समाजवादी पार्टी सूत्रों का कहना है कि पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जिलों की बैठकों में एक एक सीट की समीक्षा कर स्थानीय नेताओं से रिपोर्ट लेने और अपने पास मौजूद सर्वे रिपोर्ट के आधार पर प्रत्याशी चयन का काम कर रहे हैं। अखिलेश यादव ठीक वैसे ही प्रत्याशियों के ध्यान में जुटे हैं, जैसे साल 2024 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने किया था। हर सीट का आकलन कर उस समीकरण पर फिट बैठने वाले उम्मीदवार को चुनने का काम किया जा रहा है। सपा ने पूरे प्रदेश में एक सर्वे कराया है। इस सर्वे में जातीय समीकरण, स्थानीय मुद्दे और सपा नेताओं की पकड़ को लेकर आंकड़े हैं। इस रिपोर्ट के आधार पर वो जिला इकाई की बैठक में अपने पदाधिकारियों से आंकड़े समझ रहे। सर्वे रिपोर्ट और अपने नेताओं के आंकड़े का मिलान करने के बाद उस सीट पर मुद्दे क्या हैं, कौन बेहतर चुनाव लड़ सकता है, इस पर चर्चा हो रही है। इसमें सबसे बड़ा फैक्टर जाति का है। सूत्र बता रहे हैं कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव इस बार पैरवी के आधार पर नहीं बल्कि चुनाव लड़ने की क्षमता और नेता की पकड़ को टिकट का आधार बना रहे हैं। जिला इकाई की बैठक के बाद जिस नाम को सबसे मुफीद पाया जा रहा है, उस नेता को बिना शोर शराबे के चुनाव लड़ने की तैयारियों में जुटने को लेकर हरी झंडी दे दी जा रही है। पार्टी का मानना है कि अभी से प्रत्याशी को पता रहेगा कि उसे टिकट मिलने वाला है तो वो तैयारियों में जुटकर बेहतर नतीजे दे सकता है। उत्तर प्रदेश में कुल 403 विधानसभा सीटें हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में सपा को 111 सीटें मिली थीं। हालांकि 2022 में सपा का गठबंधन सुभासपा से था लेकिन अब वो इंडिया अलायन्स में कांग्रेस के साथ है। पिछले लोकसभा चुनाव में सपा और कांग्रेस साथ आए और नतीजों में इसका बेहतर अंजाम दिखा जब सपा को 37 और कांग्रेस को छह सीटें हासिल हुईं। आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के साथ सीटों का बंटवारा होना अभी बाकी है लेकिन सपा हर सीट पर अपने लोगों को तैयार कर मजबूत चुनाव लड़ने की रणनीति के साथ मैदान में जाना चाहती है। समाजवादी पार्टी के सूत्रों ने बताया कि पार्टी के कुछ जिलाध्यक्ष भी चुनाव लड़ने के इच्छुक हैं। जब ये बात सपा प्रमुख अखिलेश यादव को पता चली तो उन्होंने सीधा सवाल टिकटार्थियों से किया कि जिलाध्यक्ष के पद के साथ आप चुनाव कैसे लड़ सकते हैं। अगर जिलाध्यक्ष रहते वो चुनाव में उतरे तो उनका सारा फोकस अपनी सीट पर रहेगा। ऐसे में जिले के संगठन का संचालन ठीक से नहीं हो पाएगा। ऐसे के जिलाध्यक्ष को साफ कहा गया है कि अगर वो चुनाव लड़ना चाहते हैं तो पहले जिलाध्यक्ष का पद छोड़ें।


नफीस जाफरी

## सात-सूत्री अपील

सवा दो महीनों तक आर्थिक मजबूती का गैर–जरूरी दिखावा करने के बाद आखिरकार अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनौतीपूर्ण वैश्विक परिस्थितियों का मुकाबला करने के लिए सात–सूत्री अपील भारतवासियों से की है। तो आखिर ये नौबत आ पहुंची। प्रधानमंत्री को डॉलर और तेल–गैस बचाने के लिए आम नागरिकों से अपील करनी पड़ी है। सवा दो महीनों तक आर्थिक मजबूती का गैर–जरूरी दिखावा करने (मुमकिन है जारी चुनाव के कारण किया गया हो) के बाद अब नरेंद्र मोदी ने चुनौतीपूर्ण वैश्विक परिस्थितियों का मुकाबला करने के लिए सात–सूत्री अपील भारतवासियों से की है। कहा है कि ऊर्जा बचाने के लिए उन्हें वर्क फ्रॉम होम को तरजीह देनी चाहिए, सार्वजनिक परिवहन का उपयोग कर पेट्रोल– डीजल की खपत घटानी चाहिए, और रसोई ईंधन के इस्तेमाल में कटौती करनी चाहिए। विदेशी मुद्रा खर्च ना हो, इसके लिए साल भर उन्हें सोना नहीं खरीदना चाहिए, स्वदेशी उत्पादों का ज्यादा इस्तेमाल करना चाहिए, और विदेश यात्रा से बचना चाहिए। साथ ही रासायनिक उर्वरकों का इस्तेमाल घटाने के लिए कुदरती खेती की ओर जाना चाहिए। ये बातें ऊर्जा, डॉलर, और उर्वरकों की संभावित किल्लत की ओर इशारा करती हैं। ईरान युद्ध ने विश्व ऊर्जा बाजार के स्वरूप को फिलहाल बदल दिया है। इसकी मार उन तमाम देशों पर पड़ी है, जिनके पास अपना ऊर्जा स्रोत नहीं है और अच्छे दौर में रणनीतिक भंडार बना लेने की बात जिनके दिमाग में नहीं आई। फिलहाल, बाजार में कच्चा तेल उपलब्ध है, लेकिन उसके लिए (फरवरी की तुलना में) सवा से डेढ़ गुनी ज्यादा कीमत चुकानी पड़ रही है। इससे विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव तेजी से बढ़ा है। इसी बीच विदेशी निवेशकों की भारत से पैसा निकालने के तेज होती गई रफ्तार और रुपये की कीमत मेंआई भारी गिरावट ने संकट और बढ़ा दिया है। उधर पश्चिम एशिया से घटे आयात के कारण उर्वरक में इस्तेमाल होने वाले केमिकल्स का अभाव हो गया है, जिससे खाद्य संकट की आशंकाएं गहराई हैं। ऐसे में कई देश पहले ही ऊर्जा एवं डॉलर बचाने के उपाय अपना चुके हैं। मगर भारत में बात तब शुरू हुई है, जब पानी सिर तक पहुंच गया है। तब भी बात सिर्फ नागरिकों तक है। जो भारतीय कंपनियां अरबों डॉलर का अमेरिका में कर रही हैं, उनमें देशभक्ति की भावना जगाने का आह्वान अभी नहीं किया गया है।

# मोदी मंत्रिमंडल में फेरबदल की अटकलें हुई तेज़!


गुलफिशा खान

मध्य प्रदेश की तीन राज्यसभा सीटों का चुनाव अब महज एक औपचारिक राजनीतिक प्रक्रिया नहीं रह गया है। कांग्रेस ने मीनाक्षी नटराजन को उम्मीदवार बनाया है जिसके बाद ये चुनाव अचानक राजनीतिक गणित, वफादारी की परीक्षा और संभावित क्रॉस वोटिंग की आशंकाओं के बीच एक हाई–प्रोफाइल मुकाबले में बदलता दिख रहा है। इस बीच, भाजपा द्वारा अपने अतिरिक्त वोटों के दम पर तीसरा उम्मीदवार उतारने की सुगबुगाहट और वरिष्ठ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के दावों ने कांग्रेस के खेमे में भारी बेचैनी पैदा कर दी है। आंकड़ों के खेल में महज सात वोटों के सुरक्षा कवच पर टिकी कांग्रेस अब अपने विधायकों में सेंधमारी और क्रॉस वोटिंग की आशंकाओं से घिर गई है, जिसके चलते भोपाल से लेकर दिल्ली तक खामोश राजनीतिक गणनाओं का दौर शुरू हो गया है। जहां तक भाजपा का सवाल है तो दो केंद्रीय मंत्रियों को फिर से राज्यसभा में नहीं भेजने के भाजपा के फैसले के बाद मोदी मंत्रिपरिषद में फेरबदल की अटकलों ने फिर जोर पकड़ लिया है। प्रधानमंत्री मोदी अपने तीसरे कार्यकाल के दो वर्ष अगले सप्ताह नौ जून को पूरे करने जा रहे हैं। अगर उनके अब तक के कार्यकाल में किए गए मंत्रिमंडल विस्तारों को देखा जाए तो इस बात की संभावना जोर पकड़ रही है कि आने वाले दिनों में मोदी मंत्रिपरिषद में फेरबदल हो सकता है। अगले साल पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अटकलें लगाई जा रही हैं कि प्रधानमंत्री मोदी इन्हें ध्यान में रखते हुए मंत्रिमंडल विस्तार करेंगे। अगले साल पंजाब, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, मणिपुर, गोवा, गुजरात और हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने हैं। इनमें हिमाचल प्रदेश और पंजाब को छोड़कर बाकी सभी राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं। जिस तरह से पंजाब से आने वाले केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को फिर से राज्यसभा सीट नहीं देने का फैसला किया गया है, उससे संकेत मिल रहा है कि पंजाब से किसी अन्य चेहरे को मंत्रिपरिषद में जगह मिल सकती है। पंजाब से आने वाले भाजपा के वरिष्ठ नेता और पार्टी के केंद्रीय महासचिव तरुण चुघ को मध्य प्रदेश से राज्यसभा भेजने का फैसला किया गया है। इसी तरह कुछ अन्य मंत्रियों का राज्यसभा कार्यकाल भी इस साल पूरा हो रहा है। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी उत्तर प्रदेश से राज्यसभा के सांसद हैं। उनका कार्यकाल 25 नवंबर को समाप्त हो रहा है। इसी तरह उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के राज्य मंत्री बी एल वर्मा भी उत्तर प्रदेश से राज्यसभा सांसद हैं और उनका कार्यकाल भी 25 नवंबर तक है। उत्तर प्रदेश की 11 राज्यसभा सीटों पर इस साल के अंत में चुनाव होना है। जबकि अगले साल की शुरुआत में यूपी में विधानसभा चुनाव होगा। उसी के साथ उत्तराखंड, गोवा, पंजाब और मणिपुर के भी चुनाव कराए जाएंगे। जबकि अगले साल के अंत में गुजरात और हिमाचल प्रदेश विधानसभा के चुनाव होंगे। संभावना है कि मंत्रिपरिषद फेरबदल में इन राज्यों से कुछ नए चेहरों को जगह मिल सकती है। कुछ मौजूदा मंत्रियों को हटाए जाने या फिर उनके विभाग बदलने की भी संभावना है। हाल की मंत्रिपरिषद बैठक में कैबिनेट सचिव ने सभी मंत्रालयों का रिपोर्ट कार्ड पेश किया था। इसमें जन शिकायत के समाधान और सुधारों को लेकर पांच सबसे बेहतरीन मंत्रालयों के नाम भी बताए गए थे। फाइलों को निपटाने में लगने वाले समय और अदालतों में लंबित मामलों को लेकर भी मंत्रालयों को कसौटी पर कसा गया था। माना जा रहा है कि मंत्रिपरिषद में फेरबदल में यह आकलन एक बड़ी भूमिका निभाएगा। माना जा रहा है कि मोदी मंत्रिपरिषद में पश्चिम बंगाल का प्रतिनिधित्व बढ़ेगा, क्योंकि वहां भाजपा ने पहली बार सरकार बनाई है। इसी तरह बिहार से कुछ मौजूदा मंत्रियों को हटाकर नए चेहरों को जगह मिलने की संभावना है। उत्तर प्रदेश से भी कुछ नए चेहरे आ सकते हैं।



सूत्रों के अनुसार सहयोगी दलों का कोटा फिलहाल मौजूदा स्तर पर ही रहेगा। यानी सहयोगी दलों से कोई नया मंत्री बनाए जाने की संभावना नहीं है। सत्तर वर्ष के अधिक उम्र के कुछ मंत्रियों की छुट्टी होने की संभावना है। कुछ मंत्रियों को पार्टी संगठन में भेजे जाने की भी चर्चा है। कहा जा रहा है कि इस बार मंत्रिपरिषद का फेरबदल बड़े स्तर पर होगा, जिसमें कई चौंकाने वाले नाम हो सकते हैं। वर्तमान में केंद्रीय मंत्रिपरिषद में 72 सदस्य हैं, जबकि अधिकतम संख्या 81 तक हो सकती है। ऐसे में नए चेहरों को शामिल करने के साथ–साथ कुछ मौजूदा मंत्रियों के प्रदर्शन के आधार पर बदलाव की संभावना जताई जा रही है। माना जा रहा है कि आगामी समय में होने वाले सात राज्यों के विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए मंत्रिमंडल में फेरबदल किया जा सकता है। जिसमें क्षेत्रीय और सामाजिक संतुलन साधने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। पिछले महीने की 26 तारीख को केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पहली सरकार बने 12 वर्ष पूरे हो चुके हैं। जबकि 9 जून को मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के दो साल पूरे होने जा रहे हैं। पिछले कार्यकालों के अनुभव पर नजर डालें तो प्रधानमंत्री मोदी ने अपने पहले कार्यकाल में सरकार बनने के छह महीने बाद, नवंबर 2014 में मंत्रिमंडल का पहला विस्तार किया था। इसके बाद जुलाई 2016 और सितंबर 2017 में दो और विस्तार किए गए थे, जिनमें कई मंत्रियों को पदोन्नत किया गया था।दूसरे कार्यकाल में जुलाई 2021 में, यानी सरकार बनने के लगभग दो साल बाद पहला बड़ा विस्तार हुआ, जबकि मई 2023 में विभागों में फेरबदल किया गया था। 9 जून 2024 को तीसरी बार शपथ लेने वाले प्रधानमंत्री मोदी के मौजूदा कार्यकाल के दो साल पूरे होने वाले हैं, ऐसे में मंत्रिपरिषद में बदलाव की चर्चाएं स्वाभाविक रूप से तेज हो गई हैं।

# दूर के दांव के तहत अन्नामलाई ने भाजपा को कहा बाय-बाय


फरीद वारसी

तमिलनाडु में भाजपा के पूर्व अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने उनका इस्तीफा मंजूर भी कर लिया है। पार्टी छोड़ने के बाद अन्नामलाई का पहला बयान सामने आया है। उन्होंने कहा है कि हम आज से एक आंदोलन शुरू करने जा रहे हैं। हमारी राजनीतिक पार्टी तमिलनाडु में अगला विधानसभा चुनाव भी लड़ेगी। भाजपा से इस्तीफा देने के बाद के. अन्नामलाई ने कहा कि यह तय करना बहुत मुश्किल था कि मैं भाजपा का आदमी हूं या तमिल। मैंने 4 दिसंबर 2025 को पार्टी को बताया कि मैं इस्तीफा देने जा रहा हूं। पार्टी ने मुझसे कहा कि चुनाव पूरे होने के बाद ही जाऊं। अपने इस्तीफे पत्र में अन्नामलाई ने कहा, राष्ट्रीय पार्टियों ने कभी ऐसी भाषा में बात नहीं की जिसे तमिलनाडु के लोग समझ सकें। उन्होंने कहा, मैंने इस सोच को बदलने की कोशिश की है और कई तरह की अंदरूनी और बाहरी रुकावटों और बाधाओं के बावजूद इसमें काफी हद तक सफल भी रहा हूं। साथ ही, उन्होंने भाजपा के वरिष्ठ नेतृत्व का उनके अटूट समर्थन के लिए धन्यवाद भी किया। अन्नामलाई के करीबी सूत्रों ने मीडिया को बताया है कि वह तमिलनाडु भर में युवा नेताओं की पहचान करने, उन्हें ट्रेनिंग देने और तैयार करने पर केंद्रित एक जन–आंदोलन शुरू करने की योजना पर काम कर रहे हैं। उनका कहना है कि आगे चलकर इस आंदोलन को एक राजनीतिक पार्टी में बदला जा सकता है। वह पहले से ही वी द लीडर्स नाम से एक पहल चला रहे हैं, जो उनके बड़े राजनीतिक प्रोजेक्ट के लिए आधार का काम कर सकती है। तो वहीं दूसरी ओर अन्नामलाई के इस्तीफे पर भाजपा की भी प्रतिक्रिया सामने आई है। तमिलनाडु भाजपा ध्यक्ष नैनार नागेंद्रन ने कहा कि के. अन्नामलाई के पार्टी छोड़ने से पार्टी को कोई नुकसान नहीं है। अन्नामलाई इस्तीफे से पहले दिल्ली में भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से मिलने पहुंचे थे। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से उनके आवास पर मुलाकात की। माना जाता है कि अन्नामलाई भाजपा नेता नैनार नागेंद्रन को उनकी जगह भाजपा की तमिलनाडु इकाई का अध्यक्ष पद नियुक्त किए जाने और राज्य में 2026 के विधानसभा चुनावों की तैयारी के तहत एआईडीएमके के साथ चुनावी गठबंधन फिर से बहाल किए जाने के बाद से अन्नामलाई नाराज थे। जैसा कि उल्लेखनीय है कि तमिलनाडु भाजपा के पूर्व अध्यक्ष के अन्नामलाई ने भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। इसकी अटकलें पिछले काफी समय से लगाई जा रही थीं। जहां तक अन्नामलाई का सवाल है तो तमिलनाडु में बहुत कम राजनेताओं ने अन्नामलाई जितनी तेजी से सफलता पाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रेरित होकर, अन्नामलाई ने आईपीएस की नौकरी से इस्तीफा देकर 2020 में भाजपा में शामिल हुए थे। इसके एक साल के भीतर ही उन्हें पार्टी की तमिलनाडु इकाई का अध्यक्ष बना दिया गया था। अपनी भाषण शैली, प्रचार शैली और सोशल मीडिया पर जबरदस्त मौजूदगी के बल पर उन्होंने तमिलनाडु में भाजपा की छवि बदलने में सफलता पाई। हालांकि पार्टी चुनावी नजरिए से कमजोर ही रही, लेकिन अन्नामलाई ने यह सुनिश्चित किया कि द्रविड़ दलों के प्रभाव वाले



तमिलनाडु में भाजपा मुख्यधारा की राजनीतिक चर्चाओं का हिस्सा बने। यहां तक घ्किं आलोचक भी मानते हैं कि अन्नामलाई का व्यक्तिगत समर्थन तमिलनाडु में भाजपा के समर्थन से कहीं अधिक है। विडंबना यह है कि अन्नामलाई का सबसे बड़ा राजनीतिक लाभ, उनके भाजपा से अलग होने पर ही मिला है। सालों से कई विश्लेषक यह तर्क देते रहे हैं कि उनका भाजपा से जुड़ाव तमिलनाडु में उनकी लोकप्रियता को कम करता रहा है, क्योंकि तमिलनाडु के मतदाताओं का एक बड़ा हिस्सा अभी भी भाजपा को पसंद नहीं करता है। ऐसे एक राजनीति आंदोलन शुरू कर अन्नामलाई अब उन मतदाताओं को आकर्षित कर सकते हैं, जो निजी तौर पर उनकी तारीफ तो करते थे, लेकिन वो भाजपा का समर्थन करने को तैयार नहीं थे। अन्नामलाई के इस कदम का समय भी उनके पक्ष में जा सकता है। इस समय तमिलनाडु की राजनीति अभूतपूर्व बदलाव के दौर से गुजर रही है। मुख्यमंत्री विजय के नेतृत्व में टीवीके के उदय ने मतदाताओं की वैकल्पिक दलों को अपनाने की इच्छा को प्रकट किया है। कई दशक बाद यह पहली बार है कि तमिलनाडु में डीएमके और एआईएडीएमके सत्ता से बाहर हैं। तमिलनाडु के इस उथल–पुथल ने नए खिलाड़ियों और नए विचारों के लिए राजनीतिक स्थान बनाया है। अन्नामलाई अपने सहयोगियों पर हावी होने की बजाय उन्हें सत्ता में हिस्सेदारी देकर भी फायदा उठा सकते हैं। वो राजनीति दलों के पारंपरिक संरचना के विपरीत नए नेताओं को तैयार कर उन्हें अवसर देने पर केंद्रित एक मॉडल पेश करते हुए नजर आ रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषकों को लगता है कि इससे द्रविड़ पार्टियों के महत्वाकांक्षी द्वितीय श्रेणी के नेता आकर्षित हो सकते हैं, जिनको अपनी पार्टी में आगे बढ़ने की संभावनाएं सीमित दिखती हैं। उनका यह प्रयोग अगर सफल होता है, तो इससे उन्हें छोटी पार्टियों और उभरते नेताओं को एकजुट कर एक गठबंधन बनाने में मदद मिल सकती है। कई राजनीतिक दलों के उलट, जो केवल व्यक्ति केंद्रित होते हैं, अन्नामलाई विजय की तरह ही अपने प्रशंसक क्लबों को संगठित कर एक राजनीतिक दल की घोषणा करने से पहले उसके संगठन का ढांचा तैयार करने का प्रयास कर रहे हैं। उनके संगठन की वेबसाइट के जरिए लोग रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं,ट्रेनिंग ले सकते हैं और भविष्य के स्थानीय नेताओं के रूप में उभर सकते हैं। उनके इस आंदोलन की योजना योग्य उम्मीदवारों की पहचान कर उन्हें प्रशिक्षित कर स्थानीय निकाय चुनाव में उतारने की है। यदि यह मॉडल सफल होता है, तो इससे उन्हें व्यक्ति केंद्रित संगठन के बजाय कैडर आधारित संगठन बनाने में मदद मिल सकती है। वहीं इस तथ्य से इंकार नहीं किया जा सकता है कि अपनी लोकप्रियता के बाद भी अन्नामलाई की सबसे बड़ी कमजोरी उनका चुनावी रिकॉर्ड ही है। उनके नेतृत्व में भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव में जीत हासिल कर पाने में विफल रही, उनके प्रदेश अध्यक्ष न रहते हुए भी भाजपा ने 2026 के विधानसभा चुनाव में भी कोई उल्लेखनीय सफलता नहीं दर्ज कर पाई। एक तरह जहां उनके समर्थक यह तर्क देते हैं कि उन्होंने पार्टी के वोट शेयर और मौजूदगी को बढ़ाया है, वहीं उनके आलोचकों का कहना है कि चुनावी जीत ही राजनीतिक सफलता का अंतिम पैमाना है। भाजपा से सौहार्दपूर्ण विदाई के बाद भी अन्नामलाई को उससे अपने जुड़ाव से छुटकारा पाने के लिए संघर्ष करना पड़ सकता है। कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने पहले ही उनके इस पहल को भाजपा –आरएसएस का प्लान बीश बताया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि इसे भाजपा का नाम लिए बिना ही मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का आशीर्वाद हासिल है। अन्नामलाई के विरोधी उन्हें भाजपा का अनौपचारिक सहयोगी बता सकते हैं। इसकी वजह से भाजपा विरोधी वोटों को अपनी ओर आकर्षित करने की उनकी ताकत कमजोर पड़ सकती है। अन्नामलाई के अभियान का सबसे उल्लेखनीय पहलू वह है, जिसकी उन्होंने घोषणा नहीं की है। उन्होंने नैतिकता, नेतृत्व और राजनीति में प्रयोग पर तो विस्तार से बताया, लेकिन उन्होंने कोई स्पष्ट वैचारिक ढांचा नहीं दिया. उनका कहना था कि कोई भी विचारधारा स्थायी नहीं होती, यह कुछ मतदाताओं को शायद पसंद आए, लेकिन एक स्थायी राजनीतिक आंदोलन को अंततः एक स्पष्ट पहचान और नीतिगत एजेंडा की जरूरत होगी। इतिहास गवाह है कि तमिलनाडु में एक सफल राजनीतिक दल खड़ा करना बेहद मुश्किल काम है। यहां तक घ्किं प्रभावशाली जनमानस और लोकप्रिय नेताओं को भी लोकप्रियता को संगठनात्मक शक्ति में बदलने में काफी संघर्ष करना पड़ा है। अन्नामलाई के सामने अब जिला इकाइयों का गठन करने, स्थानीय नेताओं को तैयार करने, पार्टी के लिए धन जुटाने और कई सालों तक संगठन को राजनीतिक रूप से सक्रिय बनाए रखने का कठिन टास्क है। अन्नामलाई अपनी यह पारी अपनी कई खूबियों के साथ शुरू कर रहे हैं। इसमें शामिल है उनकी लोकप्रियता, बेदाग छवि, संगठनात्मक क्षमता, भाजपा से मुक्ति और एक व्यापक गठबंधन बनाने की क्षमता. इसके बाद भी उनके सामने कई चुनौतियां भी हैं, इनमें शामिल है– चुनावी सफलता का अभाव, भाजपा से पुराना रिश्ता, विचारधारा की कमी और पूरे प्रदेश में संगठन को शून्य से खड़ा करने की चुनौती। क्या वे तमिलनाडु की अगली बड़ी राजनीतिक ताकत बनकर उभरेंगे या लोकप्रियता को सत्ता में बदलने के लिए संघर्ष करने वाले नेताओं की सूची में शामिल होंगे। इसका जवाब एक सवाल पर निर्भर है, क्या अन्नामलाई इस आंदोलन को एक ऐसे आंदोलन में बदल सकते हैं जो उनके बाद भी चलता रहे। जल्दबाजी होगी।

# टी-20 टीम- सूर्यकुमार यादव के उत्तराधिकारी बने श्रेयस अय्यर


शबाब हुसैन

सूर्यकुमार यादव को भारत की टी–20 टीम की कप्तानी से हटा दिया गया और साथ ही उन्हें आयरलैंड और इंग्लैंड के दौरों के लिए टी–20 टीम से भी बाहर कर दिया गया। सूर्यकुमार का फॉर्म काफी समय से खराब चल रहा था और जिससे पूर्व कप्तान के लिए संकेत साफ हो गया था। जब बीसीसीआई ने दौरों के लिए टीम की घोषणा की, तो उन्होंने पुष्टि की कि श्रेयस अय्यर अब भारत के नए टी–20 कप्तान होंगे। लेकिन इस झटके के बावजूद, सूर्यकुमार यादव ने बड़प्पन दिखाया और टीम के ऐलान के बाद रिएक्ट किया। सूर्या ने आने वाले दौरों के लिए टीम इंडिया को शुभकामनाएं दी है। सूर्या ने सोशल मीडिया पर इंस्टा पर स्टोरी शेयर कर भारतीय टीम को बधाई दी है। जहां तक सूर्यकुमार यादव का सवाल है तो मालूम हो कि सूर्यकुमार यादव ने भारत को टी–20 वर्ल्ड कप 2026 में जीत दिलाई थी,लेकिन पिछले 12 महीनों से उनका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा था। 2028 में होने वाले टी–20 वर्ल्ड कप और ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए भारतीय चयनकर्ता ने यह फैसला किया है। बता दें कि श्रेयस अय्यर दिसंबर 2023 से भारतीय टीम से बाहर थे, लेकिन आईपीएल में कप्तान के तौर पर उनका परफॉर्मेंस शानदार रहा था। अय्यर की कप्तानी में केकेआर ने 2024 में आईपीएल का खिताब जीता था। उसके बाद पिछले साल पंजाब किंग्स को फाइनल तक पहुंचाया। मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने पुष्टि की कि यह फैसला भविष्य को ध्यान में रखकर लिया गया है। अब जबकि जैसा कि उल्लेखनीय है कि आखिरकार पिछले कुछ दिनों से सूत्रों के हवाले से छनकर आ रही खबरों पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड मुहर लगाते हुए श्रेयस अय्यर को भारतीय टी–20 टीम का नया कप्तान नियुक्त कर दिया है। अब यहां से अय्यर की कप्तानी एक नई युवा ब्रिगेड 2028 टी20 विश्व कप सहित बाकी टूर्नामेंटों में खेलते दिखाई पड़ेगी। बहरहाल, श्रेयस अय्यर के लिए भी कप्तानी का ताज हासिल करना आसान नहीं रहा। और उनकी कई नामों के साथ प्रतिस्पर्धा थी, लेकिन आखिर में बीसीसीआई के आला अधिकारियों ने अय्यर को ही कप्तानी देने का मन बना। और अगर श्रेयस अय्यर बाजी मारने में सफल रहे, तो उसके पीछे कई वजह रहीं। जिस पर डालते है एक नजरः– बीसीसीआई पिछले कई सालों से ही ऐसे कप्तान की तलाश में था, लेकिन कोई फिट होता नहीं दिखा नहीं। कोहली औ रोहित ने 2024 टी20 विश्व कप जीतते ही संन्यास का ऐलान कर दिया था, तो ऐसे समय बोर्ड ने अलग–अलग मोड़ पर कभी सूर्यकुमार यादव, तो कभी शुभमन गिल को इस नीति पर लाने की कोशिश की, लेकिन कभी सूर्यकुमार वनडे में फिट नहीं होते, तो गिल टी20 में वापसी पर सफल नहीं रहे। और अब बोर्ड ने फिर से इस नीति पर आगे बढ़ते हुए श्रेयस अय्यर पर दांव खेला है। हालांकि, रेस में संजू सैमसन, इशान किशन और तिलक वर्मा भी थे। तिलक वर्मा भविष्य में ऑल फॉर्मेट के खिलाड़ी हैं, लेकिन उनका बतौर कप्तान कम अनुभव श्रेयस अय्यर को फायदा दिला गया। और श्रेयस अय्यर तमाम प्रतिस्पर्धियों को पीछे छोड़ते हुए बीसीसीआई की प्लानिंग में फिट हो गए। बोर्ड की पॉलिसी का मानक पास करने के बाद अगरकर एंड कंपनी को अय्यर को कप्तान चुनने के बाद दूसरी सबसे बड़ी वजह उनका कप्तानी का शानदार रिकॉर्ड और अनुभव



दोनों का होना रहा। अय्यर के पास आईपीएल में टी20 की कप्तानी करने का सौ मैचों से भी ज्यादा का अनुभव है। वह धोनी, रोहित, विराट कोहली और वर्तमान हेड कोच गौतम गंभीर के बाद आईपीएल में सौ मैचों की कप्तानी करने वाले सिर्फ पांचवें कप्तान हैं। अय्यर ने दिल्ली कैपिटल्स के लिए 41, केकेआर के लिए 30 और पंजाब किंग्स के लिए 20 मैचों में कप्तानी की है। अय्यर ने कुल मिलाकर 100 मैचों में कप्तानी की। इसमें उन्हें 54 में अपनी अलग–अलग टीमों को जी दिलाई। 44 मैचों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा, तो 2 मैच बेनतीजा रहे। इसमें भी घरेलू टी20 मैचों को शामिल करने पर अय्यर अभी तक 127 टी20 मैचों में कप्तानी कर चुके हैं। इनमें वह 74 में जीते हैं, तो 52 में हार मिली है। वहीं, अय्यर की कप्तानी में केकेआर ने साल 2024 में खिताब जीता, तो अगले ही साल पंजाब की टीम फाइनल में पहुंची। और इन 2 प्वाइटों को अय्यर को कप्तान बनाने में बड़ा योगदान रहा। अय्यर ने अपनी कप्तानी में आईपीएल में अलग–अलग टीमों को विजेता और उपविजेता ही नहीं बनाया, बल्कि उन्होंने आगे रहकर बल्ले से दमदार प्रदर्शन कर दिखाया कि वह क्यों टीम इंडिया के कप्तान बनने के सबसे उपयुक्त दावेदार हैं। पिछले साल अय्यर ने पंजाब के लिए 17 मैचों में 50.33 के औसत से 6 अर्द्धशतक से 604 रन बनाए, तो इस साल कुछ ही दिन पहले खत्म हुए सीजन में अय्यर ने 14 मैचों की 13 पारियों में 55.33 के औसत, 1 शतक, 5 अर्द्धशतक, 1 शतक से 498 रन बनाए।

# शाह कस्बे में दो डंपरों की भीषण भिड़ंत, पांच घायल

## - व्यापारियों की वर्षो से स्पीड ब्रेकर की मांग जारी
## - सड़क सुरक्षा अभियान के तहत नेशनल मीडिया प्रेस क्लब भी उठा चुका मुद्दा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शाह कस्बे में सोमवार दोपहर करीब दो बजे तेज रतार का कहर देखने को मिला, जब चौकी परिसर से महज 300 मीटर की दूरी पर दो डंपरों की आमने–सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। इस दर्दनाक हादसे में चालक और खलासी समेत कुल पांच लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा–तफरी का माहौल बन गया और राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई।



प्राप्त जानकारी के अनुसार डंपर संख्या एचपी–38जे/1924 फतेहपुर से बहुआ की ओर जा रहा था, जबकि डंपर संख्या यूपी–43बीटी/0032 बहुआ से फतेहपुर की ओर आ रहा था। शाह कस्बे के निकट दोनों वाहन आमने–सामने टकरा गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों डंपरों के अगले हिस्से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। दुर्घटना के बाद सड़क पर यातायात भी कुछ समय के लिए बाधित रहा। हादसे की सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। घायलों को तत्काल एनएचएआई एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल भेजा गया। घायलों में आदित्य, अंकुश और मोहन निवासी घाटमपुर थाना असोथर सहित अन्य लोग शामिल हैं। सभी का उपचार जारी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शाह कस्बा लंबे समय से तेज रतार वाहनों की समस्या से जूझ रहा है। कस्बे के मुख्य मार्ग पर आए दिन छोटे–बड़े सड़क हादसे होते रहते हैं, जिससे लोगों में भय का माहौल बना रहता है। व्यापारियों और क्षेत्रवासियों का आरोप है कि कई बार प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित कराया गया, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका।शाह कस्बे के व्यापारी और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि कई वर्षों से मुख्य मार्ग और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में स्पीड ब्रेकर लगाए जाने की मांग करते आ रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि कस्बे से होकर गुजरने वाले भारी वाहन तेज रतार में निकलते हैं, जिससे हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। कई बार हादसे होने के बावजूद प्रशासनिक स्तर पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई। क्षेत्र में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए सड़क सुरक्षा अभियान के तहत नेशनल मीडिया प्रेस क्लब द्वारा भी प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर शाह कस्बे में स्पीड ब्रेकर, स्पीड संकेतक बोर्ड एवं अन्य आवश्यक सुरक्षा इंतजाम किए जाने की मांग की जा चुकी है। नेशनल मीडिया प्रेस क्लब का कहना रहा है कि सड़क सुरक्षा के प्रभावी उपाय लागू किए बिना दुर्घटनाओं पर नियंत्रण संभव नहीं है।स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि समय रहते प्रशासन द्वारा स्पीड ब्रेकर और चेतावनी संकेतक बोर्ड लगाए गए होते, तो इस प्रकार की गंभीर दुर्घटनाओं की संभावना काफी कम हो सकती थी। अब एक बार फिर इस हादसे के बाद क्षेत्रवासियों और व्यापारियों ने सड़क सुरक्षा संबंधी मांगों को जल्द पूरा किए जाने की मांग उठाई है।

# किसानों को दी ट्रैक्टर तकनीक की जानकारी

## – न्यू हॉलैंड का ग्राहक मिलन समारोह संपन्न

न्यूज वाणी ब्यूरो

शुकुल बाजार, अमेठी। क्षेत्र के मवैया चौराहे स्थित बाबा अधीन दास धाम (पाठक चक्की) परिसर में सोमवार को न्यू हॉलैंड ट्रैक्टर कंपनी द्वारा भव्य ग्राहक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जादूगरी के आकर्षक प्रदर्शन के माध्यम से किसानों




को ट्रैक्टर की आधुनिक तकनीक, माइलेज, रखरखाव एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी दी गई। कंपनी के प्रतिनिधियों ने मनोरंजक और रोचक अंदाज में जादू के माध्यम से ट्रैक्टर की विशेषताओं को प्रस्तुत किया, जिससे उपस्थित किसान काफी प्रभावित हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को नई तकनीक से परिचित कराना तथा ट्रैक्टर के बेहतर उपयोग के बारे में जागरूक करना था। समारोह का शुभारंभ क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता गिरीशचंद्र शुक्ल ने दीप प्रज्जवलित कर किया। अपने संबोधन में उन्होंने किसानों के लिए आधुनिक .षि यंत्रों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तकनीक आधारित खेती से उत्पादन और आय दोनों में वृद्धि संभव है। कार्यक्रम में न्यू हॉलैंड ट्रैक्टर के प्रोपराइटर आदिल अहमद एवं सेल्समैन अजय शुक्ला ने किसानों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए कंपनी की विभिन्न योजनाओं और सुविधाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर युवा पत्रकार दीपक पाठक, शंकर बक्श सिंह, सुशील मिश्रा, लतीफ अहमद, विनय चौरसिया, पत्रकार शफीर अहमद सहित क्षेत्र के अनेक किसान, गणमान्य नागरिक एवं संभ्रांत लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में किसानों ने कंपनी के इस अनूठे प्रयास की सराहना करते हुए इसे ज्ञानवर्धक और मनोरंजक बताया।

# आरक्षी भर्ती परीक्षा की तैयारियों का डीएम-एसएसपी ने लिया जायजा

## - 11 केंद्रों पर 25632 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा–2025 को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। इसी क्रम में सोमवार को जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। जनपद में 08, 09 एवं 10 जून को आयोजित होने वाली आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती परीक्षा के लिए कुल 11 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। तीनों दिनों में लगभग 25,632 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। परीक्षा प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 3 बजे से सायं 5 बजे तक संचालित होगी। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं एसएसपी ने परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की चेकिंग एवं फ्रिस्किंग व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था तथा कानून–व्यवस्था की स्थिति का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों तथा कर्मचारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा पूरी तरह नकलविहीन, पारदर्शी और शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराई जाए। बाहरी जनपदों से आने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन एवं अन्य प्रमुख स्थानों पर हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं। साथ ही आवश्यकतानुसार रैन बसेरों की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा की शुचिता और पारदर्शिता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था अथवा अनुचित गतिविधि पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर अभयनारायण राय, क्षेत्राधिकारी जसवंतनगरध्लाइन्स



आयुषी सिंह सहित पुलिस एवं प्रशासन के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में व्यक्तिकी मौत

## – कब्र से शव निकलवाकर कराया जाएगा पोस्टमार्टम

न्यूज वाणी ब्यूरो

नहटौर, बिजनौर। गांव में व्यक्ति की मौत को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। मृतक की पत्नी ने पति की मौत को संदिग्ध बताते हुए कुछ लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायत के बाद प्रशासन ने शव को कब्र से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार गांव सदरुद्दीन नगर निवासी जुल्फकार की कुछ दिन पूर्व मृत्यु हो गई थी। परिजनों द्वारा मुस्लिम रीति–रिवाज के अनुसार शव को सुपुर्द–ए–खाक कर दिया गया था। बाद में मृतक की पत्नी इशरत जहां ने पुलिस को तहरीर देकर पति की मौत पर संदेह जताया और गांव के कुछ लोगों पर साजिश के तहत घटना को अंजाम देने का आरोप लगाया।



महिला का कहना है कि घटना से पहले उनके पति को गांव के कुछ लोग अपने साथ ले गए थे। अगले दिन उन्हें पति की मौत की सूचना मिली। परिस्थितियां संदिग्ध लगने पर उन्होंने मामले की जांच की मांग की। शिकायत मिलने के बाद प्रशासन हरकत में आया। उपजिलाधिकारी के निर्देश पर पुलिस और राजस्व विभाग की टीम की मौजूदगी में कब्र से शव बाहर निकलवाया गया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गयझ्ं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मृत्यु के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है और सभी तथ्यों को ध्यान में रखकर कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल है, जबकि मृतक के परिजन मामले में निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# पुलिस भर्ती परीक्षा की प्रथम पाली में अनुपस्थित रहे 1034 परीक्षार्थी

## - द्वितीय पाली में अनुपस्थित रहे परीक्षार्थियों की संख्या रही 963

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा आयोजित उ.प्र. पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती हेतु 08 से 10 जून तक दो पालियों में सम्पन्न होने वाली की लिखित परीक्षा–2025 के प्रथम दिन जनपद के 11 परीक्षा केन्द्रों पर प्रथम पाली में 4224 के सापेक्ष उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या 3181 रही जबकि 1043 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार द्वितीय पाली में 4224 के सापेक्ष उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या 3261 रही जबकि 963 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केन्द्रवार बात की जाये तो प्रथम पाली की परीक्षा में परीक्षा केन्द्र आर्य कन्या इण्टर कालेज में 240 के सापेक्ष 175, आजाद इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 292, राजकीय बालिका इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 292, राजकीय इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 289, राजकीय पॉलीटेक्निक 384 के सापेक्ष 291, राजकीय पॉलीटेक्निक मोहम्मदनगर 240 के सापेक्ष 179, स्व. ठाकुर हुकुम सिंह किसान पी.जी. कालेज 720 के सापेक्ष 554, महाराज सिंह इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 285, महिला पी.जी. कालेज 480 के सापेक्ष 368, तारा महिला इण्टर कालेज 240 के सापेक्ष 176, वैद्य भगवानदीन मिश्र गांधी इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 289 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। इस प्रकार प्रथम पाली में 4224 के सापेक्ष उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या 3190 रही जबकि 1034 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केन्द्रवार बात की जाये तो द्वितीय पाली की परीक्षा में परीक्षा केन्द्र आर्य कन्या इण्टर कालेज में 240 के सापेक्ष 188, आजाद इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 288, राजकीय बालिका इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 297, राजकीय इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 314, राजकीय पॉलीटेक्निक 384 के सापेक्ष 294, राजकीय पॉलीटेक्निक मोहम्मदनगर 240 के सापेक्ष 178, स्व. ठाकुर हुकुम सिंह किसान पी.जी. कालेज 720 के सापेक्ष 545, महाराज सिंह इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 309, महिला पी.जी. कालेज 480 के सापेक्ष 369, तारा महिला इण्टर कालेज 240 के सापेक्ष 188, वैद्य भगवानदीन मिश्र गांधी इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 291 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। इस प्रकार प्रथम पाली में 4224 के सापेक्ष उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या 3261 रही जबकि 963 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

# कोल्ड ड्रिंक पीने के बाद बिगड़ी तबियत, परिवार के आठ लोग भर्ती

न्यूज वाणी ब्यूरो

हल्दौर, बिजनौर। गांव शफीपुर हीरा में रविवार को एक परिवार के आठ सदस्यों की अचानक तबीयत खराब होने से हड़कंप मच गया। सभी को उल्टी, दस्त और कमजोरी की शिकायत होने पर तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए उच्च चिकित्सा केंद्र भेज दिया। बताया जाता है कि शनिवार रात परिवार के सभी सदस्यों ने भोजन के बाद बाजार से लाया गया ठंडा पेय पदार्थ सेवन किया था। अगले दिन सुबह जब काफी देर तक घर में कोई गतिविधि दिखाई नहीं दी तो पड़ोसियों ने घर पहुंचकर देखा। वहां परिवार के कई सदस्य अस्वस्थ अवस्था में मिले। इसके बाद ग्रामीणों और परिजनों की मदद से सभी को अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों के अनुसार मरीजों में फूड प्वाइजनिंग जैसे लक्षण पाए गए हैं। उधर, परिजनों ने आशंका जताई है कि सेवन किए गए पेय पदार्थ की गुणवत्ता ठीक नहीं थी। सूचना मिलने पर पुलिस ने भी अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी जुटाई। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गांव में चिंता का माहौल बना हुआ है।

# खड़ी बाइक में लगी आग, अफरा-तफरी के बीच लोगों ने पाया काबू

न्यूज वाणी ब्यूरो

किरतपुर, बिजनौर। ईदगाह क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया, जब सड़क किनारे खड़ी एक बाइक अचानक आग की चपेट में आ गई। देखते ही देखते बाइक आग के गोले में तब्दील हो गई, जिससे आसपास मौजूद लोगों में भगदड़ मच गई।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक में अचानक धुआं उठने लगा और कुछ ही देर में आग ने पूरी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए और आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। स्थानीय लोगों की सूझबूझ से आग पर काबू पा लिया गया, जिससे कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। हालांकि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के कारण कुछ समय तक क्षेत्र में अफरा–तफरी का माहौल बना रहा। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट या तकनीकी खराबी माना जा रहा है। मामले की जानकारी संबंधित अधिकारियों को दे दी गई है।

# पंचायत प्रतिनिधियों का कार्यकाल बढ़ाने पर डिप्टी सीएम से मिलकर जताया आभार

## - मनरेगा भुगतान व एनएमएमएस समस्याओं को लेकर सौंपा पत्र

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। पंचायत विकास मंच के संयोजक सूरज शुक्ला, सह–संयोजक डॉ0 श्याम चौधरी, राम छबीले निषाद, राम कोमल निषाद, अफान खान, राज कुमार राव, मंगलदास ने उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से भेंट कर पंचायत प्रतिनिधियों के कार्यकाल में वृद्धि किए जाने के निर्णय पर उनका आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों के कार्यकाल विस्तार से ग्रामीण विकास कार्यों की निरंतरता बनी रहेगी तथा अधूरे विकास कार्यों को पूरा करने में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर पंचायत विकास मंच की ओर से उप मुख्यमंत्री को एक पत्र भी सौंपा गया, जिसमें मनरेगा के अंतर्गत मटेरियल मद के लंबित बकाया भुगतान तथा ऑनलाइन श्रमिक उपस्थिति प्रणाली में आ रही व्यावहारिक एवं तकनीकी समस्याओं के समाधान की मांग की गई। पंचायत विकास मंच के संयोजक सूरज शुक्ला एवं सह–संयोजक डॉ0 श्याम चौधरी ने अवगत कराया कि प्रदेश की ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत कराए गए विकास कार्यों का मटेरियल भुगतान लंबे समय से लंबित है, जिससे सामग्री आपूर्तिकर्ताओं एवं ग्राम पंचायतों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मंच ने मांग की कि वीबी–जीरामजी प्रणाली पूर्ण रूप से लागू होने से पूर्व सभी लंबित भुगतानों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराया जाए। इसके साथ ही मंच ने छडडै आधारित ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली में नेटवर्क की समस्या, इंटरनेट कनेक्टिविटी की कमी, तकनीकी त्रुटियों तथा दूरस्थ कार्यस्थलों पर उपस्थिति दर्ज करने में आने वाली कठिनाइयों का मुद्दा भी उठाया। प्रतिनिधियों ने कहा कि इन समस्याओं के कारण श्रमिकों की उपस्थिति प्रभावित होती है और मजदूरी भुगतान में अनावश्यक विलंब होता है। पंचायत विकास मंच ने मांग की कि तकनीकी समस्याओं के समाधान के साथ–साथ नेटवर्क बाधित क्षेत्रों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था भी लागू की जाए, ताकि श्रमिकों और ग्राम पंचायतों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। उप मुख्यमंत्री को सौंपे गए पत्र में ग्रामीण विकास, श्रमिक हितों एवं पंचायतों की कार्यक्षमता को ध्यान में रखते हुए शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया। पंचायत विकास मंच ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रदेश सरकार पंचायतों एवं श्रमिकों से जुड़े इन महत्वपूर्ण मुद्दों पर सकारात्मक निर्णय लेकर ग्रामीण विकास को और अधिक गति प्रदान करेगी।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किश्नपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनायें जाते हैं।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनाये जाते हैं व साफ्ट कान्टेक्ट लेन्स लगाये जाते हैं एवं काम की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किश्नपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, आबू-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद | जी.टी. रोड, फतेहपुर | MBBS. (H) P.M.P
हाजी खलील अहमद जाफरी | सम्पादक कारवाने हक | 9415065213
एफ.ए.जाफरी | D.R. (Opt.) | 7379440876

# दयारे यार की चौखट पे सर झुका लें हम

## - खीरी में बज्म फरोगे अदब का 23 वां मुशायरा संपन्न, शायरों ने बिखेरे महफिल में रंग

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। कस्बा खीरी में उर्दू अदब और शेरो–शायरी की रिवायत को आगे बढ़ाते हुए बज्म फरोगे अदब संस्था की जानिब से एक बेहद शानदार और गरिमामयी मुशायरे का आयोजन किया गया। हर महीने होने वाले तरही मुशायरे की फेहरिस्त (श्रृंखला) में यह संस्था का 23 वां मुशायरा था, जिसने कामयाबी के नए आयाम स्थापित किए। देर रात तक चले इस अदबी जलसे में स्थानीय और समकालीन शायरों ने अपनी जहीन शायरी, संजीदा ख्यालात और तरही मिसरों पर ऐसी गिरह लगाई कि महफिल में मौजूद कद्रदान और श्रोता झूमने पर मजबूर हो गए। इस ऐतिहासिक मुशायरे की सदारत (अध्यक्षता) बज्म फरोगे अदब के सदर आमिर रजा ने की। वहीं, महफिल की कमान और मंचीय संचालन (निजामत) के फन को मशहूर शायर इलियास चिश्ती ने बेहद संजीदगी और खूबसूरती से निभाया। मुशायरे का बाकायदा आगाज वाहिद अली वाहिदी ने अकीदत के फूलों के साथ नात–ए–पाक (मोहम्मद साहब की शान में



कविता) पेश करके किया, जिससे पूरा माहौल रूहानी और पाकीजा हो गया। अपने सदारती खिताब में संस्था के सदर आमिर रजा ने सबसे पहले बज्म के सभी साथियों, शायरों और दूर–दराज से आए अदब–नवाज मजलिस का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कलाम पेश करते हुए मोहब्बत और जुदाई के जज्बातों को इन शब्दों में पिरोया हमारे प्यार का कुछ तो सिला मिले हमको, जो प्यार दे नहीं सकते तो हमको नफरत दो तरही मिसरे पर शायरी का दौर इसके बाद मुशायरे की निजामत संभाल रहे इलियास चिश्ती ने जब महफिल के रंग को भांपते हुए अपना मुशायरे के मुख्य शीर्षक (तरही मिसरे) पर शेर पढ़ा, तो समूचा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। उन्होंने पढ़ा दयारे यार की चौखट पे सर झुका लें हम हमारे कत्ल से पहले बस इतनी मोहलत दो गंगा–जमुनी तहजीब और दुनिया से नफरत को मिटाने का पैगाम देते हुए बज़्म के सिक्रेट्री (सचिव) डॉ. एहराज अरमान ने समाज को एक खूबसूरत संदेश दिया। उन्होंने अपनी शायरी के माध्यम से अमन और भाईचारे की वकालत करते हुए कहारू षमिटा के रख दूं जमाने से सारी नफरत को, हमारे हाथ में ऐसी कोई करामत दो मोहब्बत, सामाजिक चेतना और सियासत पर तंज मुशायरे का दौर जैसे–जैसे आगे बढ़ा, शायरों ने जिंदगी के मुख्तलिफ रंगों, मोहब्बत के अहसासों और सामाजिक सरोकारों पर अपनी अनूठी कलम चलाई। शायर सलमान रिजवी ने महबूब के प्रति अपनी शिद्दत को बयां करते हुए पढ़ा ष्तेरे बगैर कहाँ जिन्दगी मेरी मुमकिन, ये जान एक है दोनो की ये जसामत दो वहीं, समाज में बढ़ रहे अन्याय के खिलाफ और बच्चों में वीरता व स्वाभिमान जगाने की बात करते हुए नसीम सीतापुरी ने अपनी आवाज बुलंद की। उन्होंने माता–पिता और उस्तादों को सीख देते हुए पढ़ा ष्झुकाए सर न कभी जालिमों के कदमो पर तुम अपने बच्चों को इस तरह की जासरत दो इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए और बच्चों की सही परवरिश व आज के दौर की विलासिता पर चोट करते हुए शायर सैफुल इस्लाम ने बेहद संजीदा मशवरा दिया ष्जो चाहते हो भलाई तुम अपने बच्चों की, तो इनको हसबे जरूरत ही ऐश ओ इशरत दो आज के दौर की राजनीति और मोहब्बत के नाम पर होने वाले बंटवारे को अय्यूब अंसारी ने अपने शेर का निशाना बनाया। उन्होंने व्यवस्था पर सीधा तंज कसते हुए पढ़ा ष्तुम्हें ये हक दिया किसने है ये वजाहत दो मुहब्बतों को, मिरी नाम तुम सियासत दो देश और समाज में अमन–चौन बरकरार रखने तथा देश की बागडोर सही हाथों में सौंपने की पुरजोर अपील हसन अंसारी के कलाम में दिखाई दी। उन्होंने देश के हुक्मरानों को आगाह करते हुए पढ़ारू ष्चमन को जिनसे हो अम नो अमान का खतरा, न ऐसे हाथों मे हरगिज कभी हुकूमत दो। देर रात कामयाबी के साथ मुकम्मल हुआ जलसा श्बज़्म फरोगे अदबश का यह 23वां तरही मुशायरा अपनी बेहतरीन शायरी, मर्यादित निजामत और श्रोताओं की भरपूर दाद के कारण लंबे समय तक याद रखा जाएगा। शायरों ने जहाँ एक तरफ इश्क और रूमानी जज्बातों को छुआ, वहीं दूसरी तरफ मुल्क के हालात, सियासत, बच्चों की तरबियत (परवरिश) और कौमी एकता जैसे संजीदा मुद्दों पर भी बेबाकी से अपनी राय रखी। देर रात गए मुख्य आयोजकों द्वारा सभी मेहमान शायरों और श्रोताओं का आभार जताने के साथ ही यह मुशायरा कामयाबी के साथ मुकम्मल हुआ।

# वरिष्ठ पत्रकार श्यामसुंदर पाडेय को श्रद्धांजलि, क्षेत्र में शोक की लहर

न्यूज वाणी ब्यूरो

दुर्गावती, कैमूर। दुर्गावती प्रखंड के वरिष्ठ पत्रकार, मृदुभाषी, सरल एवं सम्मानित व्यक्तित्व के धनी स्वर्गीय श्यामसुंदर पांडेय के निधन पर सोमवार को दुर्गावती बाजार स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में श्रद्धांजलि एवं शोक सभा का आयोजन किया गया। सभा में क्षेत्र के पत्रकारों, समाजसेवियों एवं गणमान्य लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर दिवंगत पत्रकार को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरुआत स्वर्गीय पांडेय के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर की गई। उपस्थित लोगों ने उनके व्यक्तित्व एवं .तित्व को याद करते हुए उन्हें पत्रकारिता और समाज का सच्चा प्रहरी बताया। इस अवसर पर दैनिक भास्कर के वरिष्ठ पत्रकार मनोज कुमार सिंह ने कहा कि श्यामसुंदर पांडेय स्वच्छ छवि, निष्पक्ष लेखनी और उच्च मानवीय मूल्यों के प्रतीक थे। वे सदैव समाज में समन्वय और सौहार्द बनाए रखने का प्रयास करते थे तथा अपने सरल एवं सौम्य स्वभाव से सभी का दिल जीत लेते थे। उन्होंने कहा कि राजनीति से सार्वजनिक जीवन की शुरुआत करने वाले स्वर्गीय पांडेय ने पत्रकारिता के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय योगदान दिया। उनका निधन पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। समाजसेवी मृत्युंजय पांडे ने कहा कि स्वर्गीय पांडेय जहां भी मिलते थे, मुस्कुराकर सभी का हालचाल पूछते थे। वे समाज के हर वर्ग से जुड़े रहते थे और अपनी लेखानी के माध्यम से जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाते थे। डॉ. रामराज भारती ने अपने संबोधन में कहा कि श्यामसुंदर पांडेय का व्यक्तित्व अत्यंत प्रभावशाली



था। वे सहज, सरल और मिलनसार व्यक्ति थे, जिनकी कमी समाज और पत्रकारिता जगत को हमेशा खलेगी। गौरतलब है कि लगभग 68 वर्षीय श्यामसुंदर पांडेय का शनिवार को वाराणसी स्थित हेरिटेज अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई थी, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। स्वर्गीय पांडेय लंबे समय से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय थे। उन्होंने राष्ट्रीय सहारा, अखिल भारतीय हिंदी समाचार पत्र, बिहार जागरण सहित कई प्रतिष्ठित समाचार संस्थानों में अपनी सेवाएं दी थीं। वर्तमान में वे राष्ट्रीय सागर से जुड़े हुए थे। अपनी निष्पक्ष लेखनी, सामाजिक सरोकारों के प्रति प्रतिबद्धता और सौम्य व्यवहार के कारण उन्होंने पत्रकारिता जगत में विशिष्ट पहचान बनाई थी। शोक सभा में वरिष्ठ पत्रकार सच्चिदानंद सिंह, शोएब खान, मनोज कुमार सिंह, तुराब खान, ब्रजेश दुबे, चंद्रभूषण तिवारी, पिंटू तिवारी, सोनू कुमार, संजय कुमार, हामिद शाह सहित प्रखंड प्रमुख श्याम कुमार साह, समाजसेवी उमेश पांडे, पथिक तिवारी, मुन्ना पांडे, राजेंद्र प्रजापति, डॉ. रामराज भारती, बलदाऊ चौबे तथा बड़ी संख्या में पत्रकार एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभा के अंत में उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिवार को इस दुःख की घड़ी में संबल प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। स्वर्गीय श्यामसुंदर पांडेय के योगदान और उनके आदर्शों को याद करते हुए सभी ने उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

# विवाहिता की संदिग्ध मौत, मायके पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप



न्यूज वाणी ब्यूरो

दुर्गावती, कैमूर। दुर्गावती थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान भभुआ थाना क्षेत्र के कटरा गांव निवासी श्याम नारायण राम की 32 वर्षीय पुत्री रानी कुमारी के रूप में हुई है, जिसकी शादी कल्याणपुर निवासी राजेंद्र कुमार से हुई थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को घर में ससुर और बहू के अलावा अन्य परिजन किसी कार्य से बाहर गए हुए थे। इसी दौरान महिला ने कथित रूप से कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। काफी देर तक कोई हलचल नहीं होने पर परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई। दरवाजा खोलने का प्रयास किया गया, लेकिन सफलता नहीं मिली। सूचना मिलने पर दुर्गावती थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने रोशनदान के रास्ते घर के अंदर प्रवेश कर कमरे का दरवाजा खोला। कमरे के भीतर महिला बिस्तर पर पड़ी मिली। आनन–फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुर्गावती ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। वहीं मृतका के पिता श्याम नारायण राम ने ससुराल पक्ष पर जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। मृतका के पिता ने बताया कि उनकी बेटी की शादी लगभग 12 वर्ष पूर्व हुई थी, लेकिन पति–पत्नी के संबंध अच्छे नहीं थे। उन्होंने आरोप लगाया कि उनका दामाद अक्सर उनकी बेटी के साथ मारपीट करता था। उन्होंने यह भी बताया कि पूर्व में दामाद के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया था, ताकि उसमें सुधार हो सके और उनकी बेटी को सम्मानपूर्वक जीवन मिल सके। मृतका अपने पीछे एक पुत्र और तीन पुत्रियों को छोड़ गई है। इनमें सबसे छोटी बच्ची लगभग दो वर्ष की बताई जा रही है। परिजनों का कहना है कि रानी कुमारी की मौत स्वाभाविक नहीं है और मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जानी चाहिए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दुर्गावती थाना अध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमार्टम एवं फॉरेंसिक जांच रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। उन्होंने कहा कि फिलहाल मृतका के परिजनों की ओर से कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने पर प्राथमिकी दर्ज कर सभी बिंदुओं पर गहन जांच करते हुए आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मत्स्य विभाग की योजनाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। सहायक निदेशक मत्स्य ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026–27 में मत्स्य विभाग द्वारा संचालित राज्य सेक्टर की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसके लिए विभागीय पोर्टल पर 08 जून से 28 जून तक आवेदन किए जा सकेंगे। इन योजनाओं में मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, निषादराज बोट सब्सिडी योजना तथा सघन मत्स्य पालन हेतु एयरेशन सिस्टम स्थापना योजना शामिल हैं। इच्छुक आवेदकों को प्रत्येक योजना के लिए अलग–अलग आवेदन करना होगा। विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि योजनाओं से संबंधित परियोजनाओं का विवरण, इकाई लागत, आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक अभिलेख तथा अन्य विस्तृत जानकारी विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध है। भविष्य में योजनाओं के प्रावधानों में कोई संशोधन होने पर संशोधित नियम ही प्रभावी होंगे। पूर्व वर्षों में निरस्त अथवा प्रतीक्षारत आवेदन वाले अभ्यर्थी भी पुनः आवेदन कर सकते हैं। योजनाओं के संबंध में अधिक जानकारी के लिए आवेदक मत्स्य विभाग के जनपदीय, मंडलीय एवं मत्स्य निदेशालय कार्यालयों से किसी भी कार्य दिवस में संपर्क कर सकते हैं।

# पुण्य स्मृति में लगा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

## - विशेषज्ञ चिकित्सकों ने दिया परामर्श, मुत जांच और दवाओं का वितरण

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। समाज सेवा और जनकल्याण की भावना को साकार करते हुए मोहल्ला चौगुर्जी स्थित देवकीनंदन पार्क में स्वर्गीय मुन्नी देवी तिवारी की पुण्य स्मृति में एक विशाल निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया तथा विशेषज्ञ चिकित्सकों से निःशुल्क परामर्श प्राप्त किया। शिविर में मरीजों के लिए रक्तचाप एवं शुगर की मुत जांच की व्यवस्था की गई। साथ ही आवश्यक दवाओं का निःशुल्क वितरण कर स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गईं। आयोजन के दौरान कुल 210 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस सेवा कार्य में सूर्या पैथोलॉजी ने विशेष सहयोग प्रदान करते हुए विभिन्न पैथोलॉजी जांचों की सुविधा उपलब्ध कराई। वहीं श्री जी आयुर्वेदिक हब स्टोर द्वारा आयुर्वेदिक उत्पादों की जानकारी देते हुए लोगों को प्रा.तिक जीवनशैली और स्वास्थ्य संरक्षण के उपाय बताए गए। शिविर में




डॉ. रमाकांत शर्मा, डॉ. जी. के. तिवारी, डॉ. आर. एन. त्रिपाठी, डॉ. अमित गुप्ता, डॉ. शिवेंद्र कुमार, डॉ. अरविंद कुमार दुबे, डॉ. गणेश चंद्र मिश्रा, डॉ. ओम प्रकाश शुक्ला एवं डॉ. अनु चतुर्वेदी सहित कई वरिष्ठ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। कार्यक्रम में भाजपा नेता राज शेखर तिवारी, आलोक दीक्षित, ज्योतेंद्र यादव, दीपू त्रिपाठी, एसपी सिंह, .ष्ण गोपाल तिवारी, केके त्रिपाठी, हरिशंकर त्रिपाठी और राजीव लोचन दीक्षित सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने इस जनहितकारी पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।

# मिशन शक्तिअभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति फेज–5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत थाना बलरई पुलिस द्वारा क्षेत्र में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं आमजन को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला सुरक्षा से जुड़े विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों तथा साइबर अपराधों से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में आयोजित इस अभियान के तहत थाना



बलरई पुलिस टीम ने क्षेत्र में पहुंचकर महिलाओं से संवाद स्थापित किया और उन्हें आपातकालीन परिस्थितियों में उपयोगी हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में बताया। इस दौरान पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102 एवं 108, वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में साइबर सुरक्षा पर विशेष जोर देते हुए लोगों को बताया गया कि किसी भी अज्ञात व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी साझा न करें और किसी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें। साथ ही ऑनलाइन लेन–देन एवं सोशल मीडिया का उपयोग करते समय सतर्कता बरतने की सलाह दी गई। पुलिस टीम द्वारा उपस्थित महिलाओं को जागरूकता संबंधी पम्पलेट भी वितरित किए गए तथा उन्हें सुरक्षा उपायों और उनके अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इटावा पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान और जनजागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मिशन शक्ति अभियान के तहत लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे महिलाओं में आत्मविश्वास और सुरक्षा की भावना को मजबूत किया जा सके।

# 25 जून तक कराएं मंडी लाइसेंस का नवीनीकरण

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। मंडी परिषद द्वारा .षि वर्ष 2026–27 के लिए लाइसेंस नवीनीकरण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इस संबंध में समस्त थोक व्यापारियों एवं आढ़तियों को सूचित किया गया है कि .षि वर्ष 2025–26 की अवधि समाप्त होने के उपरांत नए .षि वर्ष के लिए लाइसेंस का नवीनीकरण कराना अनिवार्य होगा। मंडी समिति द्वारा जारी सूचना के अनुसार सभी लाइसेंसधारकों को अपना लाइसेंस 25 जून तक नवीनी.त कराना होगा। नवीनीकरण के लिए लाइसेंस में पूर्व में लगी गारंटी के स्थान पर 10 के स्टांप पेपर पर नोटरी.त नई गारंटी प्रस्तुत करनी होगी। इसके साथ ही संबंधित प्रतिष्ठान की चौहद्दी (सीमांकन विवरण) भी उपलब्ध कराना अनिवार्य किया गया है। मंडी प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नई गारंटी एवं चौहद्दी संबंधी दस्तावेज जमा करने के बाद ही लाइसेंस का नवीनीकरण किया जाएगा। निर्धारित तिथि तक आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत न करने वाले व्यापारियों एवं आढ़तियों को लाइसेंस नवीनीकरण में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है। यह निर्देश निदेशक, मंडी परिषद, लखनऊ (उत्तर प्रदेश) के आदेश के अनुपालन में जारी किए गए हैं।

# चोरों का आतंक, टीचर कॉलोनी में लाखों की चोरी से हड़कंप

न्यूज वाणी ब्यूरो

ननपारा, बहराइच। नानपारा क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। नानपारा देहात स्थित टीचर कॉलोनी में बेखौफ चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाकर ताला तोड़ दिया और घर में रखे लाखों रुपये के जेवरात व नगदी पर हाथ साफ कर फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार टीचर कॉलोनी निवासी ऋषि राम यादव वर्तमान में अपने परिवार सहित नानपारा में रह रहे थे, जबकि उनका पैतृक मकान बंद पड़ा हुआ था। इसी का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने रात के अंधेरे में घर का ताला तोड़ा और अंदर रखे कीमती आभूषण व नगदी चोरी कर ली। सुबह जब घटना की जानकारी हुई तो पीड़ित परिवार के होश उड़ गए। पीड़ित ऋषि राम यादव ने मामले की लिखित तहरीर कोतवाली नानपारा में दी है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि पुलिस जल्द ही चोरी का खुलासा करने का दावा कर रही है। टीचर कॉलोनी में हुई इस बड़ी चोरी की वारदात से स्थानीय लोगों में भय का माहौल है। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं, लेकिन चोरों पर लगाम नहीं लग पा रही है। नागरिकों ने पुलिस से गश्त बढ़ाने और जल्द से जल्द आरोपियों की गिरतारी की मांग की है। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है और अज्ञात चोरों की तलाश जारी है।

# सरस्वती शिशु मंदिर में योग अभ्यास का शुभारंभ

न्यूज वाणी ब्यूरो/रूपईडीहा, बहराइच। स्वास्थ्य एवं योग के प्रति जनजागरण के उद्देश्य से सोमवार को सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर परिसर में प्रातःकालीन योग अभ्यास कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम प्रतिदिन प्रातः 5 बजे से 7 बजे तक आयोजित किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि योग शिविर का संचालन पतंजलि योग समिति के प्रशिक्षित योगाचार्यों द्वारा किया जाएगा। योग अभ्यास के माध्यम से लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने तथा नियमित योग के लाभों के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर क्षेत्र के योग प्रेमियों एवं स्थानीय नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में योग अभ्यास कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई। आयोजकों ने कहा कि नियमित योग से व्यक्ति निरोगी जीवन की ओर अग्रसर होता है तथा तनावमुक्त और सकारात्मक जीवन जीने में सहायता मिलती है।

# मृतकों के परिजनों से मिला कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री के निर्देशानुसार आज पूर्व एमएलसी जयवन्त सिंह व बांदा कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने प्रतिनिधि मंडल के साथ बिसंडा ब्लॉक का दौरा किया। जनपद बांदा में बालू से भरे एक ट्रक द्वारा बिसंडा कस्बे के दो अलग–अलग स्थानों पर कुचल कर सात लोगों की हत्या कर दिये जाने सम्बन्धी घटना में वस्तु स्थिति की जानकारी प्राप्त करने हेतु प्रतिनिधि मण्डल के सदस्यगण 08 जून 2026 को प्रातः 11 बजे जनपद के बिसंडा ब्लॉक के ग्राम घूरी व ग्राम कोर्रही में पहुँचकर पीड़ित परिवारजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की तथा स्थानीय प्रशासन से मिलकर उक्त घटना की निष्पक्ष जाँच कर दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही व पीड़ित परिवारजनों को मुआवजा दिये जाने की मांग की। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने मीडिया से रूबरू होते हुए बतलाया कि बिसंडा ब्लाक में 27 मई को एक ही दिन में बिसंडा कस्बे में दो जगहों पर ओवरलोड बालू भरे ट्रक द्वारा 7 लोगों को रौंदकर हत्या कर दी गई, मैं व जिला कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल मृतकों के परिवारों से मिले एवं उन्हें सांत्वना दी, न्याय का भरोसा दिलाया। 27 मई को दिन में लगभग दोपहर 3.50 बजे ओवरलोड बालू से भरे ट्रक द्वारा



बांदा जनपद के बिसंडा कस्बे से पहले बांदा रोड पर नहर के पास एक रिटायर्ड शिक्षक निवासी ग्राम घूरी रामेश्वर प्रसाद अनुरागी को रौंदता है, उनकी मौके पर मृत्यु हो जाती है, इसके बाद यही ट्रक ओरन रोड पर बिसंडा कस्बे में आगे एक ई रिक्शा को रौंद देता है, रौंदने से मौके पर पांच लोग काल कलवित हो जाते हैं, तथा एक की मृत्यु अस्पताल में हो जाती है। इस प्रकार सात लोगों को रौंदकर ट्रक चालक ट्रक को लेकर भाग जाता है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बतलाया कि कुछ लोग ओवरलोड बालू भरे ट्रक चलवाते हैं। जो उत्तर प्रदेश के बांदा व मध्य प्रदेश के विभिन्न जनपदों से संबंधित है, उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश से अवैध एवं ओवरलोड बालू की जबरदस्त ढुलाई चल रही है, सड़के ध्वस्त हो रही है, तथा मौतें भी हो रही हैं। हम लोग ग्राम घूरी पहुंचे मृतक पूर्व शिक्षक के परिवार से मिले सांत्वना दी। ग्राम कोर्रही पहुंचे जहां के छह लोग काल कलवित हुए, जिसमें सोहन पुत्र रामलाल, राकेश पुत्र लोटन, ममता पत्नी मुन्ना श्रीवास, नवीन पुत्र शरीफ, शहबाज पुत्र शेरू, साफिया पुत्री शेरू हैं। इन मृतकों के परिवार से मिलकर न्याय का भरोसा दिलाया, कई लोग घायल हैं, जो कि विभिन्न जगहों में विभिन्न अस्पतालों में भर्ती हैं। दौरे के उपरान्त प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व व राष्ट्रीय कांग्रेस नेतृत्व को पूरी घटना की जानकारी दी। प्रतिनिधि मंडल ने आरोप लगाया कि पीड़ित परिवारों के प्रति प्रशासन ने घोर सम्वेदनहीनता का परिचय दिया। तेरहवी के दिन तक न कोई आर्थिक सहायता दी गयी और न ही कोई–अधिकारी आंसू पोछनें आया। प्रतिनिधिमंडल ने ग्यारह हजार रुपए की आर्थिक सहायता दलित परिवार को दी है। ओवरलोड ट्रक ने एक दिटायर्ड शिक्षक को कुचलने के बाद ई रिक्शामें टक्कर मारी और सात मौतें हो गयी। कई घायल है। सेवानिवृत्त शिक्षक रामेश्वर निवासी घूरी को ट्रक ने रौंदा, घूरी गांव में परिवार के पास 10 विश्वा जमीन है। विकलांग बेटा दिलीप ने बताया कि तेरहवी तक के पैसे नही है। कोर्रही के निजामुद्दीन का बेटा शहबाज (12 वर्ष) मौके पर दम तोड़ गया और 4 माह की वेटी साफिया और उसकी मां सबाना गम्भीर घायल हो गयी। 4 माह की बेटी को घर ले आए वहां उसने दम तोड़ दिया। विसन्डा पुलिस ने कहा लाश लेकर थाने आए तब पी.एम. के लिए भेजेगें। इलॉज कराने गए रिश्तेदार की बीस हजार रुपए की जेब काट ली गयी। कोर्रही के सोमन दलित की मौत हो गयी, पत्नी बौरी, बेटी शिवकली घायल है, दूसरी बेटी सावित्री की 28 जून को शादी है। यही के मुन्ना दलित की पत्नी ममता और भाई राकेश भी जान गवां चुके, वहीं सात साल बाद सऊदी अरब से आया नवीन हादसे का शिकार हो गया। सात मौतों के बाद जिला प्रशासन का कोई अधिकारी आज तक गांव नहीं आया न खाते के नम्बर लिए न मृत्यु प्रमाण पत्र जारी हुआ जबकि मुख्यमंत्री तत्काल सहायता के आदेश दिए हैं। पूर्व एम एल सी जयवन्त सिंह व कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के साथ में प्रतिनिधि मंडल में शामिल पूर्व जिलाध्यक्ष साकेत बिहारी मिश्रा, एआईसीसी प्रद्युम्न कुमार लालू दुबे एडवोकेट, पीसीसी पवन देवी कोरी, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सीमा खान एडवोकेट, बांदा शहर कांग्रेस अध्यक्ष अफसाना शाह, बांदा कांग्रेस सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष सन्तोष कुमार द्विवेदी, बिसंडा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा व बबेरू ब्लॉक अध्यक्ष उमाशंकर अग्रहरि, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेश गुप्ता उपस्थित रहे। साथ में एआईसीसी सदस्य रमेश चन्द्र कोरी, जिला कांग्रेस कंट्रोल रूम प्रभारी बी लाल भाई, जितेन्द्र गुप्ता, लालबाबू राजपूत भी उपस्थित रहे। क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य रईस अहमद ने मौके पर रहकर ग्रामीणों से मिलवाया।

# मोरम तस्करों पर हत्या करने का आरोप

## – नरैनी के पुकारी में अवैध संचालित खदान पर युवक की हत्या का आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जिले में एक सनसनी खेद वारदात सामने आई है जहां नरैनी थाना क्षेत्र अंतर्गत पुकारी गांव में एक खदान में काम करने वाले कर्मचारी की पोकलेन मशीन के बाकेट से चोट पहुंचाकर हत्या करने का मामला सामने आया है। परिजनों का आरोप है कि मृतक दिनेश कुमार त्रिवेदी पुकारी गांव के रहने वाले हैं और अवैध रूप से चल रही मोरम खदान पर काम कर रहे थे, जहां,अनिमियता की शिकायत या अन्य गतिविधियों को लेकर ठेकेदार तथा अन्य लोगों मे कहां सुनी होने पर हत्या करने का आरोप परिजनों द्वारा लगाया गया है। परिजनों का आरोप है कि अवैध चल रही मोरम खदान का सत्यापन जिले स्तर पर लोगों के द्वारा करवाया गया जहां पता चला कि जिला प्रशासन और खनिज विभाग से कोई भी खदान चलाने की अनुमति नहीं दी गई इसके बावजूद भी बालों के कारोबारी ने अवैध खनन करते हुए एक युवक को मौत के घाट उतार दिया घटना के बाद पुलिस ने घायल को सीएससी नरैनी में भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित किया। पुलिस घटना के सभी बिंदुओं पर जांच पड़ताल कर रही है और शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



न्यूज वाणी ब्यूरो

जसराना, फिरोजाबाद। प्रदेश में महिलाओं और बच्चियों के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर अंकुश लगाने और अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना जसराना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने के मामले में नामजद अभियुक्त को गिरतार कर लिया है। थाना जसराना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि, जसराना पुलिस टीम ने पॉक्सो एक्ट और बीएनएस की गंभीर धाराओं में वांछित चल रहे नामजद आरोपी अभिषेक को रविवार को घेराबंदी कर गिरतार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान अभिषेक पुत्र वीरेन्द्र सिंह निवासी नगला जीसुख स्योढा, थाना जसराना के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ थाना जसराना में मु0अ0सं0 312 / 2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 64 (दुष्कर्म), 333, 351(2) और 3 / 4 पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत मुकदमा पंजी.त है। पुलिस द्वारा अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही पूरी कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। त्वरित कार्रवाई कर आरोपी को दबोचने वाली पुलिस टीम में मुख्य रूप से थाना जसराना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार पाण्डेय, निरीक्षक अपराध दिनेश कुमार वर्मा, कॉस्टेबल 673, सत्यपाल शामिल रहे।

# तीन बाल अपचारी गिरफ्तार, लूटा मोबाइल व बाइक बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बकेवर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस ने तीन बाल अपचारियों को गिरतार कर उनके कब्जे से लूटा गया एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन एवं एक मोटरसाइकिल



बरामद की है। अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी भरथना के नेतृत्व में थाना बकेवर पुलिस द्वारा यह कार्रवाई की गई। पुलिस पूछताछ में गिरतार बाल अपचारियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने 6 अप्रैल को एक मोटरसाइकिल तथा 6 जून को एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन लूटा था। दोनों घटनाओं के संबंध में थाना बकेवर में अलग–अलग मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार बरामद मोटरसाइकिल मुकदमा संख्या 103 / 2026 तथा बरामद एंड्रॉयड मोबाइल फोन मुकदमा संख्या 159 / 2026 से संबंधित है। बरामदगी के बाद पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए बाल अपचारियों को नियमानुसार अग्रिम प्रक्रिया हेतु प्रस्तुत किया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी विपिन मलिक, उपनिरीक्षक कौशल कुमार, उपनिरीक्षक दीपक सिंह भाटी, मुख्य आरक्षी राजेश कुमार, मुख्य आरक्षी गजेन्द्र सिंह, मुख्य आरक्षी प्रदीप कुमार, आरक्षी रतन सिंह तथा चालक आरक्षी मनोज कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई को अपराध नियंत्रण की दिशा में एक सराहनीय उपलब्धि माना जा रहा है, जिससे क्षेत्र में कानून–व्यवस्था को और अधिक मजबूती मिलेगी।

# पुलिस प्रशासन ने पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान पर सम्मान

## - न्यूज वाणी ब्यूरो को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी यातायात राम गोपाल शर्मा द्वारा न्यूज वाणी दैनिक समाचार पत्र के ब्यूरो चीफ संजीव शर्मा को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान, निष्पक्ष एवं निर्भीक समाचार संकलन तथा जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने के लिए प्रदान किया गया। गौरतलब है कि न्यूज वाणी दैनिक समाचार द्वारा जनपद में कानून–व्यवस्था संबंधी जागरूकता फैलाने, यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने तथा पुलिस प्रशासन द्वारा किए जा रहे सकारात्मक और जनकल्याणकारी कार्यों को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने में न्यूज वाणी द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है। न्यूज वाणी समाचार पत्र ने सदैव निष्पक्षता और जिम्मेदारी के साथ पत्रकारिता करते हुए जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। न्यूज वाणी के ब्यूरो चीफ संजीव शर्मा द्वारा समाज में जागरूकता बढ़ाने, प्रशासन और आमजन के बीच संवाद को सशक्त बनाने तथा सकारात्मक समाचारों को व्यापक स्तर पर प्रसारित करने के कार्यों की सराहना की गई। उनके समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा और निष्पक्ष पत्रकारिता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशानुसार क्षेत्राधिकार यातायात रामगोपाल शर्मा द्वारा इटावा ब्यूरो चीफ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित




किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ है और निष्पक्ष पत्रकार समाज को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ब्यूरो चीफ संजीव शर्मा को मिला यह सम्मान पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्यरत अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणास्रोत है।

# अविनाश अग्निहोत्री परशुराम सेवा समिति के संरक्षक मनोनीत



न्यूज वाणी ब्यूरो

इकदिल, इटावा। परशुराम सेवा समिति उ.प्र. के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील सम्राट ने प्रदेश उपाध्यक्ष केके चतुर्वेदी की सहमति पर ओमनगर औरैया निवासी अविनाश अग्निहोत्री को परशुराम सेवा समिति का संरक्षक मनोनीत किया है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सम्राट ने श्री अग्निहोत्री से आशा व्यक्त की है कि वह संगठन को मजबूती प्रदान करने में अपनी अहम भूमिका निभाएगें। श्री अग्निहोत्री को संरक्षक मनोनीत किये जाने परशुराम सेवा समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

# डीएम व एसएसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

## - केंद्र व्यवस्थापकों को दिए निर्देश, सुरक्षा व सीसीटीवी कैमरों को परखा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा–2025 को पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में आ गया है। परीक्षा में किसी भी प्रकार की चूक न हो, इसके लिए सोमवार को जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे ने संयुक्त रूप से जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। दोनों आला अधिकारियों ने मौके पर जाकर सुरक्षा मानकों और तैयारियों का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी और एसएसपी ने परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों के प्रवेश की व्यवस्था, परीक्षा कक्षों की भौतिक स्थिति और सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता को परखा। इसके साथ ही प्रश्न पत्रों और उत्तर



पुस्तिकाओं की सुरक्षा के लिए बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम व अन्य लॉजिस्टिक्स व्यवस्थाओं की भी गहन समीक्षा की। साथ ही केंद्र व्यवस्थापकों और परीक्षा से जुड़े संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि, शासन की मंशा के अनुरूप परीक्षा को पूर्णतः शांतिपूर्ण, पारदर्शी और नकलविहीन वातावरण में ही संपन्न कराया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे ने केंद्रों पर मुस्तैद पुलिस बल को पूरी सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ अपनी ड्यूटी निभाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्र के आसपास किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, भीड़ लगाने या किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल और बेहद प्रभावी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिला प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से यह आश्वस्त किया गया है कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा–2025 को बिना किसी बाधा के सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए रूट डायवर्जन, सुरक्षा घेरा और प्रशासनिक निगरानी सहित सभी आवश्यक और पुख्ता इंतजाम समय से पहले पूरे कर लिए गए हैं।

# साइंस घर में आर्यन ने मिनी इन्वर्टर मॉडल का किया प्रस्तुतिकरण

न्यूज वाणी ब्यूरो

सिरसागंज, फिरोजाबाद। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब के तत्वाधान में समर में जिला समन्यवक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में जनपद में प्रथम बार साइंस घर कार्यक्रम का आयोजन निःशुल्क रूप से जिला विज्ञान क्लब के कार्यालय पर किया जा रहा है। जिसमें



आठवें दिवस पर कक्षा 11 के छात्र आर्यन दुबे ने अपने मिनी इन्वर्टर मॉडल के प्रस्तुतिकरण में बताया कि इस मॉडल के अंतर्गत उन्नत तकनीकी का प्रयोग करके बिजली उत्पादित की जाएगी जिससे बिजली के बिल में बड़ी राहत होगी। इस मॉडल में एक इनवर्टर तकनीकी का प्रयोग किया गया है जिससे कि उत्पन्न की है बिजली को डीसी से एसी में बदलकर दैनिक आवश्यकताओं में प्रयोग किया जाएगा और उन्नत तकनीक का प्रयोग करके बिजली बिल की समस्या को समाप्त किया जा सकेगा। किसान इस तकनीक का प्रयोग करके कम दाम में अपने खेतों मे सिंचाई कर सकते है जिससे उनकी अर्थव्यवस्था में सुधार होगा इस मॉडल का उद्देश्य कम दाम में बिजली उत्पादित करके बिजली के बिल में राहत प्राप्त करना है। अश्वनी कुमार जैन ने आर्यन दुबे के मॉडल के रचनात्मक एवं क्रियाशील प्रयास की सराहना करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने इस मॉडल में आर्यन दुबे को नवाचार लाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि साइंस घर में प्रतिदिन विद्यार्थी अपने नवाचार मॉडलों का प्रस्तुतिकरण करेंगे। इस अवसर पर साइंस घर के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# अवैध देशी शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



न्यूज वाणी ब्यूरो

महोबा। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देश में अवैध शराब की बिक्री, परिवहन एवं निष्कर्षण पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरतारी व बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक, वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकान्त गोंड के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना पनवाड़ी बीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित उ0नि0 पवन गौड़ मय हमराह कां0 इन्द्रपाल चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त बसंत लाल पुत्र स्व0 रामदयाल राजपूत निवासी ग्राम बुडौरा थाना पनवाडी जनपद महोबा के कब्जे से एक कपडे के झोले मे 18 अदद पाउच देशी शराब झूम ब्राण्ड नाजायज बरामद करते हुये ग्राम बुडौरा मोड के पास नौगांव फदना मार्ग पर बह्द ग्राम नौगाव से गिरतार किया गया। गिरतारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजी.त कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गई।

# माँ की हत्या करने वाले पुत्र को पुलिस ने किया गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरतारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा मामूली विवाद में अपनी माँ की हत्या करने वाले पुत्र को गिरतार कर लिया गया है।

गौरतलब हो कि थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम गुरेह के रहने वाले पप्पू उर्फ राधाचरन पुत्र मुनुवा ने कल 07 जून को सायंकाल मामूली विवाद में अपनी माँ को पक्के रास्ते पर उठाकर पटक दिया और सिर में गम्भीर चोटें आने के कारण उनकी मृत्यु हो गई। प्रकरण में मृतका के बेटे की तहरीर पर थाना कोतवाली देहात में अभियोग पंजी.त करते हुए अभियुक्त को गिरतार कर लिया गया। जिसे सोमवार को नियमानुसार न्यायालय भेजा गया। गिरतार अभियुक्त पप्पू उर्फ राधाचरन पुत्र मुनुवा निवासी गुरेह थाना कोतवाली देहात के विरूद्ध मु0अ0सं0– 157 / 26 धारा 103(1) / 352 बीएनएस थाना कोतवाली देहात पंजीकृत किया गया। गिरतारी करने वाली टीम में चन्द्र प्रकाश तिवारी थानाध्यक्ष कोतवाली देहात, कां0 जितेन्द्र कुमार, कां0 सचिन पटेल शामिल रहे।

## दहेज हत्या के तीन आरोपी चौबीस घंटे के भीतर गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बकेवर पुलिस ने दहेज हत्या के एक मामले में त्वरित कार्रवाई



करते हुए तीन वांछित आरोपियों को घटना दर्ज होने के चौबीस घंटे के भीतर गिरतार कर लिया। पुलिस के अनुसार थाना बकेवर में दर्ज मुकदमा संख्या 75/2026, धारा 80(2)/85 बीएनएस एवं 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम से संबंधित मामले में वांछित चल रहे तीन अभियुक्तों को सोमवार को गिरतार किया गया। गिरतार आरोपियों में राहुल यादव, हंसराज यादव तथा लक्ष्मी देवी शामिल हैं। सभी आरोपी ग्राम कंशमीरीपुर, थाना बकेवर के निवासी हैं। थाना बकेवर पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरतार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। गिरतारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक रमेश कुमार राय, उपनिरीक्षक सुनील कुमार, हेड कांस्टेबल अजय कुमार आर्या, कांस्टेबल देवेश यादव, महिला कांस्टेबल मिंकी देवी एवं महिला कांस्टेबल ऋचा गुप्ता शामिल रहीं।

## जिला अस्पताल के मंदिर में राहगीरों को पिलाया शीतल शरबत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भीषण गर्मी व तेज धूप से राहत दिलाने के उद्देश्य से जिला अस्पताल परिसर स्थित श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अस्पताल आने–जाने वाले मरीजों, तीमारदारों एवं राहगीरों को



ठंडा शरबत पिलाकर गर्मी से राहत पहुंचाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कहा कि गर्मी के इस मौसम में प्यासे राहगीरों को शीतल पेय उपलब्ध कराना एक पुण्य कार्य है। शरबत वितरण के दौरान लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए आयोजकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के संयोजक सूर्यसेन ने बताया कि समाज सेवा और जनकल्याण की भावना से हर वर्ष यह आयोजन किया जाता है, जिससे जरूरतमंदों और राहगीरों को गर्मी से कुछ राहत मिल सके। इस अवसर पर जिला अस्पताल के ब्लड बैंक कर्मचारी बृजभान सिंह, फार्मासिस्ट लवकुश सिंह, नर्सिंग स्टाफ अनुज कुमार, नीरज कुमार, नागेंद्र कुमार, ट्रेनर आदित्य कुमार सहित अन्य कर्मचारी एवं सहयोगी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर श्रद्धा और सेवा भाव के साथ लोगों को शरबत वितरित किया।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री ममता पुत्री राजकुमारी का जन्म ग्राम व पोस्ट हसऊपुर थाना हुसैनगंज विकासखंड भिटौरा जिला फतेहपुर स्थित घर पर दिनांक 03/01/2012 को हुआ था! जानकारी के अभाव में जन्म प्रमाण पत्र नहीं बनवाया गया था!अब मुझे जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है!जिसे ग्राम पंचायत हसऊपुर विकासखंड भिटौरा जिला फतेहपुर की तरफ से निर्गत किया जाना अति आवश्यक है! यदि किसी को कोई समस्या हो तो वह आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है! राजकुमारी पत्नी महेश कुमार निवासी ग्राम व पोस्ट हसऊपुर विकासखंड भिटौरा सदर तहसील फतेहपुर।

### सम्बन्ध विच्छेद

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने दोनों पुत्रों गोरेलाल व नीरज की गलत हरकतो से आजिज आकर दोनों से सम्बन्ध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। अब मेरा अपने दोनों पुत्रों से कोई वास्ता नहीं है। अब इनके द्वारा किये जाने वाले किसी भी कृत्य अथवा लेनदेन की जिम्मेदारी मेरी नही होगी। राजेन्द्र पुत्र काली चरण निवासी मोहल्ला नूरगंज कस्बा व थाना ललौली परगना मुत्तौर तहसील व जिला फतेहपुर।

### सूचना

सुरक्षाकर्मा

टोल प्लाजा सिरसीकला (महोबा) एनएच– 35 (उत्तर प्रदेश) पर एक्स सर्विसमैन (रिटायर्ड भारतीय सेना, अर्धसैनिक बल) की आवश्कता है। जो उम्मीदवार कार्य करने का इच्छुक है वह संपर्क करे। टोल प्लाजा सिरसीकला (महोबा) एनएच– 35 (उत्तर प्रदेश) मैनेजर मोबाइल– 8650850606




## नई राहें : मेडिकल कॉलेज की एक नई सुबह

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। तपती दोपहर में नगला चूरा के रहने वाले देवेंद्र के जीवन में केवल निराशा का अंधेरा था। उनके दोनों घुटने गठिया (आर्थराइटिस) के कारण पूरी तरह टेढ़े हो चुके थे। चलना तो दूर, उनका उठना–बैठना भी एक सजा जैसा बन गया था। उन्होंने शहर के तीन–चार बड़े निजी डॉक्टरों के चक्कर काटे, लेकिन हर जगह से उन्हें निराशा ही हाथ लगी। हर प्राइवेट डॉक्टर ने भारी–भरकम खर्च का डर दिखाते हुए उन्हें सीधे आगरा रेफर कर दिया था। निजी अस्पतालों की तंग गलियों और मोटी रकम की मांग से थककर, देवेंद्र ने आखिरकार सरकारी सिस्टम पर भरोसा करने की सोची और वह राजकीय मेडिकल कॉलेज, फिरोजाबाद के ऑर्थोपेडिक विभाग में पहुंचे। उम्मीद की पहली किरण वहां उनकी मुलाकात डॉ. चंद्रकांत गौतम से हुई। डॉ. चंद्रकांत ने जब देवेंद्र के घुटनों के एक्स–रे (जैसा कि गंभीर स्थिति दिखाई देती है) को देखा, तो स्थिति वाकई चुनौतीपूर्ण थी। लेकिन डॉक्टर की आंखों में एक अलग ही चमक और आत्मविश्वास था। डॉ. चंद्रकांत ने मुस्कुराते हुए देवेंद्र का हाथ थामा और कहाः देवेंद्र जी, अब आपको आगरा या सैफई भागने की कोई जरूरत नहीं है। बड़े–बड़े प्राइवेट



अस्पताल जो नहीं कर पाए, वो ऑपरेशन अब आपके अपने फिरोजाबाद मेडिकल कॉलेज में ही होगा। और सबसे बड़ी बात, आपको एक पैसा भी खर्च नहीं करना पड़ेगा। यह आश्वासन सुनते ही देवेंद्र की आंखों में आंसू आ गए। सरकारी अस्पताल के डॉक्टरों का यह जज्बा और अपनापन किसी चमत्कार से कम नहीं था। मिशन ष्सफल ऑपरेशन इस बड़े और जटिल ऑपरेशन को अंजाम देने के लिए कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. योगेश गोयल ने तुरंत एक विशेष और अनुभवी डॉक्टरों की टीम गठित की। इस टीम में डॉ. विपुल अग्रवाल, डॉ. चंद्रकांत गौतम, डॉ. राजेंद्र शामिल थे। ऑपरेशन थिएटर के बाहर सन्नाटा था, लेकिन अंदर डॉक्टरों की उंगलियां जादू बिखेर रही थीं। यह सिर्फ एक सर्जरी नहीं थी, बल्कि एक गरीब मरीज को उसका आत्मसम्मान और सामान्य जीवन वापस लौटाने की जंग थी। आयुष्मान भारत योजना के तहत पूरी तरह से निःशुल्क दोनों घुटनों का नी रिप्लेसमेंट सफलतापूर्वक पूरा किया गया। एक नया सवेरा कुछ ही हतों बाद, जो पैर कभी सीधे नहीं हो पाते थे, वे अब बिल्कुल दुरुस्त थे (जैसा कि पोस्ट–ऑपरेशन एक्स–रे में सटीक रूप से फिट किए गए इम्प्लांट्स को देखा जा सकता है)। देवेंद्र अब अपने पैरों पर बिना किसी सहारे के खड़े थे। डॉक्टरों की इस अभूतपूर्व सफलता ने यह साबित कर दिया कि सरकारी अस्पतालों के डॉक्टरों में वह काबिलियत और जज्बा है, जो बड़े से बड़े कॉर्पोरेट अस्पतालों को मात दे सकता है। मेडिकल कॉलेज का ऑर्थोपेडिक विभाग आज जिले के हजारों मरीजों के लिए उम्मीद का सबसे बड़ा केंद्र बन चुका है। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन और जिलाधिकारी की नेतृत्व में सदैव इस बात का प्रयास रहता है कि सरकारी अस्पतालों में ही व्यक्तियों को कम खर्च पर अच्छा इलाज मिल सके और इसका बहुत बड़ा उदाहरण यह कहानी है निश्चित रूप से यह कहानी केवल देवेंद्र कि नहीं है ऐसे बहुत सारे व्यक्ति जो अपनी उम्मीद छोड़ चुके थे आज उनके लिए फिरोजाबाद का मेडिकल कॉलेज उम्मीदों का एकआश्रय बनकर उभरा है।

## भागवत भंडारे में जल सेवा बनी आकर्षण का केंद्र

### - श्री राठौर सेवा संस्थान ने ठंडे पानी के टैंकर से श्रद्धालुओं को पिलाया शीतल जल

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद के ग्राम रामगढ़ खेड़ा (नन्दगवां) में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा एवं विशाल भंडारे के दौरान श्री राठौर सेवा संस्थान द्वारा की गई जल सेवा श्रद्धालुओं और ग्रामीणों के बीच आकर्षण का केंद्र बनी रही। भीषण गर्मी को देखते हुए संस्था के पदाधिकारियों ने ठंडे पानी के टैंकर की व्यवस्था कर सैकड़ों श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों को शीतल जल उपलब्ध कराया। संस्था की इस सेवा भावना की ग्रामीणों ने मुक्तकंठ से सराहना की। संस्थान के इस सामाजिक एवं जनहितकारी कार्य से प्रभावित होकर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों और ग्रामीणों ने संस्था के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का भागवत कथा स्थल पर पट्टिका पहनाकर भव्य स्वागत एवं सम्मान किया। ग्रामीणों ने कहा कि ऐसे सेवा कार्य समाज में सकारात्मक संदेश देने के साथ लोगों को सामाजिक दायित्वों के प्रति प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष डॉ. संतोष राठौर ने कहा कि श्री राठौर सेवा संस्थान समाज सेवा के लिए सदैव समर्पित है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद, असहाय और पीड़ित लोगों की सहायता करना संस्था का



प्रमुख उद्देश्य है। समाज को जब भी संस्था की आवश्यकता होगी, संस्था के पदाधिकारी और सदस्य पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ सहयोग के लिए उपस्थित रहेंगे। संस्था द्वारा लगातार किए जा रहे सामाजिक, धार्मिक एवं जनकल्याणकारी कार्यों से प्रभावित होकर क्षेत्र के कई युवाओं ने भी संस्था की सदस्यता ग्रहण की। समाज सेवा का संकल्प लेते हुए शिशुपाल सिंह राठौर, धीरज राठौर, सोनू राठौर, प्रदीप राठौर एवं डॉ. योगेश मोदी ने संस्था में शामिल होकर जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया। संस्था के पदाधिकारियों ने सभी नए सदस्यों का पट्टिका पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान संस्था के अध्यक्ष डॉ. संतोष राठौर, कोषाध्यक्ष दिनेश राठौर, महामंत्री विपिन राठौर, संगठन मंत्री अतुल राठौर, शिशुपाल राठौर, प्रदीप राठौर, प्रमोद राठौर, अमित कुमार तथा ग्राम प्रधान मुरारी सिंह राजपूत सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। संस्थान की इस पहल ने न केवल श्रद्धालुओं को राहत पहुंचाई, बल्कि समाज सेवा के प्रति लोगों में जागरूकता और सहभागिता का संदेश भी दिया।

## श्रमिकों के बच्चों को मिला सम्मान, खिले चेहरे

### - रेडक्रास चेयरमैन ने बच्चों को दी चिकनपॉक्स से बचाव की दवा



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के तत्वावधान व डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयोजकत्व में चेयरमैन व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने केंद्रीय बीड़ी श्रमिक चिकित्सालय कबाड़ी मार्केट पीरनपुर में श्रमिकों के बच्चों के लिए सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया। आयोजक जयशंकर तिवारी ने डॉ अनुराग व अन्य अतिथियों को माल्यार्पण कर स्वागत किया। सर्वप्रथम डॉ अनुराग ने उपस्थित सभी 35 बच्चों को चिकनपॉक्स से बचाव हेतु होम्योपैथिक औषधि प्रदान की। सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। डॉ अनुराग व जयशंकर तिवारी ने सभी बच्चों को जिन्होंने अपनी कक्षा में अच्छे अंक प्राप्त किए हैं उन सभी को कॉपी, पेंसिल, रबर, कटर, पेन, बिस्कुट, जेमेट्री बॉक्स, टिफिन, स्केल इत्यादि वस्तुएं प्रदान कर उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर आजीवन सदस्य उमेश कुमार, अभिनव श्रीवास्तव, डॉ जीवन मेहरोत्रा सीएमओ व प्रमुख सहयोगी सुंदरम द्विवेदी उपस्थित रहे।

## सार्वजनिक कुएं पर अवैध कब्जे का आरोप, डीएम से कार्रवाई की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर के हरिहरगंज मोहल्ले में स्थित एक प्राचीन सार्वजनिक कुएं एवं उससे संबंधित भूमि पर कथित अवैध कब्जे और निर्माण कार्य का मामला सामने आया है। इस संबंध में स्थानीय नागरिकों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया कि हरिहरगंज स्थित होटल एसएन–3 के पास मौजूद प्राचीन सार्वजनिक कुआं, जो नगर पालिका अभिलेखों में वर्ष 1969 एवं 1976 से सार्वजनिक संपत्ति के रूप में दर्ज है, उसे पाटकर समाप्त करने का प्रयास किया जा रहा है। शिकायतकर्ताओं के अनुसार संबंधित भूमि पर निजी निर्माण की तैयारी शुरू कर दी गई है तथा बड़ी मात्रा में ईंट और अन्य निर्माण सामग्री भी एकत्र कर ली गई है। आरोप है कि मोहल्ला निवासी अशोक तिवारी द्वारा कुएं को पूरी तरह पाट दिया गया है और उस स्थान पर निजी निर्माण कराने की योजना बनाई जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कुआं न केवल सार्वजनिक उपयोग का स्रोत रहा है, बल्कि क्षेत्र की प्राचीन एवं धार्मिक धरोहर के रूप में भी महत्वपूर्ण पहचान रखता है। शिकायतकर्ताओं ने यह भी दावा किया है कि पूर्व में प्रशासन द्वारा निर्माण कार्य और कुएं को क्षतिग्रस्त करने की कोशिशों पर रोक लगाई गई थी, लेकिन अब दोबारा गतिविधियां



शुरू होने से लोगों में चिंता बढ़ गई है। जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में मांग की गई है कि मौके का तत्काल निरीक्षण कराया जाए, अवैध कब्जा हटवाया जाए तथा निर्माण सामग्री को हटाकर सार्वजनिक कुएं और उससे संबंधित भूमि को सुरक्षित किया जाए। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक धरोहर हमेशा के लिए समाप्त हो सकती है। फिलहाल प्रशासन की ओर से मामले में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। इस मौके पर कुंदनलाल, शिव कुमार गुप्ता, रामभरोसे गुप्ता, गोपी गुप्ता, शिवम गुप्ता, सुरेश विश्वकर्मा भी मौजूद रहे।

## फेरबदल : दो उपनिरीक्षकों को मिली थानों की कमान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद में कानून–व्यवस्था को और अधिक सु.ढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने दो उपनिरीक्षकों का स्थानांतरण करते हुए उन्हें थानों की जिम्मेदारी सौंपी है। जारी आदेश के अनुसार अपराध शाखा में तैनात उपनिरीक्षक योगेश कुमार को थानाध्यक्ष किशनपुर नियुक्त किया गया है। वहीं उपनिरीक्षक सत्यपाल सिंह, जो अब तक पुलिस लाइन में तैनात थे, को थानाध्यक्ष खखरेरू बनाया गया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा किए गए इस प्रशासनिक फेरबदल को जनपद की कानून–व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। नव नियुक्त दोनों थानाध्यक्षों को अपने–अपने थाना क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण, जनसुनवाई और पुलिसिंग व्यवस्था को मजबूत करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पुलिस विभाग की ओर से जारी स्थानांतरण सूची के बाद संबंधित अधिकारियों ने अपने नए कार्यभार ग्रहण करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जनपद के पुलिस महकमे में हुए इस बदलाव को लेकर पुलिसकर्मियों एवं स्थानीय लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

## सीएम मत्स्य सम्पदा समेत तीन योजनाओं के लिए आवेदन शुरू

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद के मत्स्य पालकों, नाव संचालकों एवं मत्स्य व्यवसाय से जुड़े लोगों के लिए अच्छी खबर है। मत्स्य विभाग द्वारा संचालित राज्य सेक्टर की विभिन्न लाभकारी योजनाओं के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इच्छुक लाभार्थी आठ जून से 28 जून तक विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सहायक निदेशक मत्स्य ने जानकारी देते हुए बताया कि विभाग द्वारा संचालित तीन प्रमुख योजनाओं के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इनमें मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, निषादराज बोट सब्सिडी योजना तथा सघन मत्स्य पालन हेतु एयरेशन सिस्टम की स्थापना योजना शामिल हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक योजना के लिए अलग–अलग आवेदन करना अनिवार्य होगा। योजनाओं के अंतर्गत परियोजना का विवरण, इकाई लागत, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया तथा आवश्यक अभिलेखों की जानकारी विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है। आवेदक आवेदन करने से पूर्व सभी दिशा–निर्देशों का भलीभांति अध्ययन कर लें। मत्स्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि भविष्य में किसी योजना के प्रावधानों में संशोधन किया जाता है तो संशोधित नियम ही प्रभावी होंगे। साथ ही पूर्व वर्षों में जिन आवेदकों के आवेदन निरस्त हो गए थे अथवा प्रतीक्षारत हैं, वे भी पुनः आवेदन करने के पात्र होंगे। विभाग की ओर से बताया गया कि योजनाओं के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी या मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए इच्छुक व्यक्ति कार्यालय सहायक निदेशक मत्स्य, अम्बेडकर स्कूल के बगल वाली गली, सीओ सिटी कार्यालय के पास, रानी कॉलोनी, आबूनगर, फतेहपुर में किसी भी कार्य दिवस पर संपर्क कर सकते हैं। मत्स्य विभाग की इन योजनाओं का उद्देश्य मत्स्य उत्पादन को बढ़ावा देना, आधुनिक तकनीकों को प्रोत्साहित करना तथा मत्स्य व्यवसाय से जुड़े लोगों की आय में वृद्धि करना है। विभाग ने पात्र लाभार्थियों से समय रहते ऑनलाइन आवेदन करने की अपील की है।

### अदालती नोटिस

ब अदालत अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय फतेहपुर।

नं0 मु0 97 सन् 2024

श्रवण कुमार उम्र लगभग 35 वर्ष पुत्र श्री रामस्वरूप निवासी ग्राम द्वारिकापुर जट्ट पो0 व थाना जहानाबाद तहसील बिन्दकी जिला फतेहपुर।

बनाम

श्रीमती सीता देवी उम्र लगभग 34 वर्ष पत्नी श्रवण कुमार पुत्री रामसनेही निवासिनी मिर्जापुर पो0 अमौली थाना चाँदपुर जिला फतेहपुर।

मुकदमा अन्तर्गत धारा– 13 हिन्दू विवाह अधिनियम

थाना जहानाबाद फतेहपुर।

एतद्वारा आप इस न्यायालय में दिनांक 10.07.2026 को, समय बजे पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हों और लिखित कथन/आपत्ति प्रस्तुत करते हुए अपना पक्ष प्रस्तुत करें।

एतद्द्वारा, आप यह भी सूचना ग्रहण करें कि आपकों मामले की सम्यक सूचना समाचार पत्र में प्रकाशन के माध्यम के पश्चात, यदि आप उपरोक्त वर्णित नियत तिथि पर, न्यायालय समय बजे तक न्यायालय में अपनी व्यक्तिगत उपस्थिति में असफल रहते हैं तो आपके विरूद्ध मामले में एक पक्षीय कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी और आप अपने विरुद्ध डिकी या आदेश पारित किये जाने के लिए स्वयं होगे। एतद्द्वारा आप यह भी सूचना ग्रहण करें कि नियत तिथि पर उभयपक्ष को सुने जाने के पश्चात, कुटुम्ब न्यायालय द्वारा अग्रिम तिथि निश्चित करते हुए परामर्शदाता के समक्ष सुनवाई हेतु मामला सन्दर्मित ' किया नायेंगा और न्यायालय द्वारा उभयपक्ष के मध्य शीघ्र सुलह कराने या उसके पश्चात मामले को शीघ्र निपटारा किये जाने का हर सम्भव प्रयास किया जायेगा। तत्सम्बन्धी आदेश कुटुम्ब न्यायालय फतेहपुर द्वारा दिनांक 08.06.2026 को पारित किया गया, जिसके अनुपालन में यह आदेशिका (समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु) आपको प्रेषित की जा रही है।

ब अदालत अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय फतेहपुर।



